RNINo.UPHIN/2016/70293

हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र

# अमिट रेखा

वर्ष 05 | अंक 210 | कुशीनगर | मंगलवार 01 जून, 2021 | पृष्ठ 8 | मूल्य 1 रुपये





# अनलॉक की गाइडलाइंस जारी

## 55 जिलों में सिर्फ शनिवार-रविवार रहेगा लॉकडाउनय 600 से ज्यादा एक्टिव केस वाले लखनऊ समेत 20 जिलों में 7 जून तक कोरोना कर्फ्यू




लखनऊ,(एजेंसी)। कोरोना संक्रमण दर 1% से नीचे आने के बाद उत्तर प्रदेश अब अनलॉक की तरफ बढ़ रहा है। योगी सरकार ने रविवार को प्रदेश के 75 में से 55 जिलों से लॉकडाउन हटाने का ऐलान किया। यहां अब वीकेंड लॉकडाउन (शनिवार–रविवार) लागू होगा। दुकान और बाजार अब सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक खुलेंगे। अभी तक सिर्फ किराना, मेडिकल की दुकानों को सुबह 11 बजे तक ही खोलने की अनुमति थी। हालांकि शॉपिंग मॉल बंद रहेंगे। राजधानी लखनऊ, इलाहाबाद समेत 20 जिलों में कोरोना कर्फ्यू 7 जून तक के लिए बढ़ा दिया गया है। कारण यहां 30 मई तक 600 से ज्यादा एक्टिव केस हैं। इन जिलों में पहले की तरह ही सख्ती रहेंगी। जो पहले छूट मिल रही थी। वही छूट फिलहाल अभी मिलेगी। शादी में 25 मेहमान, शव यात्रा में 20 लोगों को इजाजत योगी सरकार ने 55 जिलों में लॉकडाउन भले ही हटा दिया हो, लेकिन कोविड प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। इसके तहत, शादी समारोह और अन्य आयोजनों में एक समय में अधिकतम 25 लोग इकट्ठा हो सकेंगे। उन्हें दो गज की दूरी, सैनिटाइजर जैसे बचाव के इंतजाम का पालन करना होगा। वहीं, शव यात्रा में अधिकतम 20 व्यक्ति शामिल हो सकेंगे। इन 55 जिलों में कंटेनमेंट जोन को छोड़कर सभी धर्मस्थल को सरकार ने खोलने की अनुमति दी है। हालांकि, एक बार में केवल 5 लोग ही जुटेंगे। नई गाइडलाइंस 1 जून से लागू होगी। गाइडलाइंस में इन्हें मिली छूट प्रदेश में दुकानें और बाजार सप्ताह में 5 दिन सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक खुलेंगे। कोरोना के अभियान से जुड़े फ्रंटलाइन सरकारी विभागों में पूरा स्टाफ आएगा। बाकि सरकारी कार्यालय अधिकतम 50% उपस्थिति के साथ खुलेंगे। प्राइवेट कंपनियों के कार्यालय भी मास्क की अनिवार्यता के साथ खोले जा सकेंगे। औद्योगिक संस्थान खुले रहेंगे। सब्जी मंडी पहले की तरह खुली रहेंगी। स्कूल, कॉलेज और एजुकेशनल इंस्टीट्यूट पढ़ाई के लिए बंद रहेंगे। रेस्टोरेंट से होम डिलीवरी की ही अनुमति होगी। अंडे, मांस और मछली की दुकानों को बंद स्थानों पर खोलने की अनुमति। पूरे प्रदेश में गेहूं क्रय केंद्र और राशन की दुकानें खुली रहेंगी। कोचिंग संस्थान, सिनेमा, जिम, स्विमिंग पूल, क्लब और शॉपिंग मॉल बंद रहेंगे। इन 20 जिलों में 7 जून तक लागू रहेंगी पाबंदियां लखनऊ, मेरठ, सहारनपुर, वाराणसी, गाजियाबाद, गोरखपुर, मुजफ्फरनगर, बरेली, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, झांसी, प्रयागराज, लखीमपुर खीरी, सोनभद्र, जौनपुर, बागपत, मुरादाबाद, गाजीपुर, बिजनौर और देवरिया में फिलहाल कोई छूट नहीं दी गई हैं। कब–कब बढ़ाया लॉकडाउन 08 अप्रैल: जिन–जिन जिलों में 500 से ज्यादा एक्टिव केस वहां नाइट कर्फ्यू 17 अप्रैल: पूरे प्रदेश में रविवार का लॉकडाउन लगाया गया। 20 अप्रैल: शनिवार–रविवार वीकेंड लॉकडाउन का ऐलान 30 अप्रैल: वीकेंड लॉकडाउन, पहले एक दिन बढ़ाया फिर 6 मई तक बढ़ा। 05 मई: लॉकडाउन बढ़ाकर 10 मई तक कर दिया गया। 09 मई: लॉकडाउन बढ़ाकर 17 मई तक कर दिया गया। 15 मई: लॉकडाउन बढ़ाकर 24 मई तक कर दिया गया। 24 मई: लॉकडाउन बढ़ाकर 31 मई तक कर दिया गया।



दुनिया में कई ऐसी जगह हैं, जहां हर साल काफी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं और अपनी छुट्टियां बिताते हुए खूब एंजश्वय करते हैं। हर साल काफी संख्या में लोग दुनिया के अलग–अलग कोनों में घूमने का प्लान बनाते हैं और वहां जाकर के अच्छी यादें लेकर लौटते हैं। वहीं, लोग खूबसूरत द्वीप की यात्रा करना भी काफी पसंद करते हैं।

## संक्रमण के बीच अपनी मांगों पर अड़े किसान, राकेश टिकैत बोले– सरकार हमारी बात सुने

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने सोमवार को कहा कि अगर बीमारी बड़ी है तो कानून वापस ले लेना चाहिए। आपको बता दें कि केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ किसान संगठनों ने नवंबर के आखिरी सप्ताह से मोर्चा खोला हुआ है। किसान संगठनों की मांग है कि केंद्र सरकार तीनों कृषि कानूनों को वापस ले और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कानून बनाए। किसानों का यह आंदोलन कोरोना महामारी की दूसरी लहर



के बीच में भी जारी है। किसान नेता राकेश टिकैत ने समाचार एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में कहा कि अगर बीमारी बड़ी है तो कानून वापस ले लेना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने पूछा कि किसान क्यों हैं यहां? किसान यहां शांति से बैठे हैं, ये जाएंगे नहीं। बातचीत से इसका हल निकालें। हम शांतिपूर्ण तरीके से बैठे हैं सरकार हमारी बात सुने। इससे पहले किसान नेता ने ट्वीट किया कि कृषि के तीनों काले कानून फांसी का फंदा साबित होंगे किसानों के लिए, जब तक कानून रद्द नहीं होते आंदोलन जारी रहेगा।

## राजस्थान में डीजल 98 रुपये प्रति लीटर के पार, इस महीने 16 बार हुई बढ़ोतरी

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। पेट्रोल–डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का सिलसिला सोमवार को जारी रहा, जिसके चलते डीजल का दाम राजस्थान के कुछ स्थानों पर 98 रुपये प्रति लीटर के स्तर को पार कर गया। सार्वजनिक क्षेत्र की ईंधन कंपनियों द्वारा जारी मूल्य अधिसूचना के अनुसार पेट्रोल की कीमत में 29 पैसे प्रति लीटर और डीजल में 26 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि हुई। इस महीने की गई 16वीं बढ़ोतरी के साथ ही देश भर में पेट्रोल और डीजल की कीमतें अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं।




राजस्थान के श्री गंगानगर जिले में पेट्रोल की कीमत 105.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 98.08 रुपये प्रति लीटर हो गई। वैट और माल ढुलाई शुल्क जैसे स्थानीय करों के चलते विभिन्न राज्यों में ईंधन की कीमतें अलग–अलग होती हैं। देश में पेट्रोल पर सबसे अधिक वैट राजस्थान में लगता है, जिसके बाद मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र का स्थान है। दिल्ली में पेट्रोल 94.23 रुपये प्रति लीटर और डीजल 85.15 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोल की कीमत राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के कई शहरों में 100 रुपये प्रति लीटर के आंकड़े को पार कर चुकी है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत अब 100.47 रुपये प्रति लीटर है और डीजल 92.45 रुपये प्रति लीटर के भाव पर मिल रहा है।

## अलीगढ़ में जहरीली शराब से हाहाकार

अलीगढ़,(एजेंसी)। अलीगढ़ में जहरीली शराब कांड से मरने वालों की संख्या 83 हो गई है। लगातार तीसरे दिन रविवार को 20 लोगों ने जान गंवाई। इनमें शहरी इलाके के 6 लोग शामिल थे। करीब 20 से ज्यादा लोगों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। इनका जिले के अलग–अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। सबसे चिंता की बात ये है कि शहरी इलाके में जिन 6 लोगों की मौत हुई है, इन लोगों ने रविवार को ही शराब पी थी। मतलब साफ है कि इतना बड़ा हादसा होने के बावजूद बाजार में जहरीली शराब खुलेआम बिक रही है। लोग मर रहे हैं और क्ड चंद्रभूषण सिंह और SSP कलानिधि नैथानी मृतकों के आंकड़ों को छिपाने में जुटे हुए हैं। क्ड के मुताबिक, अब तक 25 लोगों की मौत ही जहरीली शराब से हुई है। बाकी जिन




लोगों के शव पोस्टमार्टम के लिए पहुंचे हैं वो सभी संदिग्ध हैं। उनका विसरा सुरक्षित रख लिया गया है। उसकी जांच से पता चल पाएगा कि इनकी मौतें कैसे हुई हैं। पाबंदी के बाद भी बिक रही शराब क्वारसी थाना क्षेत्र के चंदनिया में देर रात शराब पीने से 5 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद उनको अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर सबकी मौत हो गई। एक की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं सुबह होते होते धनीपुर क्षेत्र में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 6 से ज्यादा लोग अस्पताल में भर्ती हैं। बताया जा रहा है की इन लोगों ने स्थानीय तस्कर ओपी यादव से शराब खरीदी थी। प्रशासन के काफी मना करने के बाद अभी भी काफी संख्या में लोग देसी शराब का सेवन कर रहे हैं जिसके बाद मौत की घटनाएं बढ़ती जा रही है।अलीगढ़ में शराब पीकर मरने वालों के शव पोस्टमार्टम हाउस में पड़े हुए हैं। अलीगढ़ में शराब पीकर मरने वालों के शव पोस्टमार्टम हाउस में पड़े हुए हैं। प्रधान ने कहा– पिछले कई दिनों से मर रहे हैं लोग धनीपुर गांव के प्रधान राकेश ने बताया कि पिछले कई दिनों से शराब से मरने वालों की सूचना मिल रही है फिर भी लोग शराब का सेवन कर रहे हैं। इन लोगों ने धनीपुर में गांव में ही एक दो लोग जो अवैध रूप से शराब बेचते हैं उनसे शराब लेकर पी थी जिसके बाद तीन लोगों की मौत हो गई है और कुछ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया है। स्थानीय तस्कर ओपी यादव को पुलिस ने पकड़ा था लेकिन फिर छोड़ दिया। अब तक क्या–क्या हुआ ?

## बिहार में 8 जून तक बढ़ा लॉकडाउन

पटना,एजेन्सी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ट्वीट कर कहा कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए लॉकडाउन को एक सप्ताह अर्थात 8 जून, 2021 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। परन्तु व्यापार के लिए अतिरिक्त छूट दी जा रही है। सभी लोग मास्क पहनें और सामाजिक दूरी बनाए रखें। कोरोना वायरस संक्रमण के मद्देनजर बिहार में लॉकडाउन को 8 जून तक बढ़ा दिया गया है। आपको बता दें कि बिहार में लॉकडाउन को चौथी बार विस्तार किया गया है। पहली बार 5 मई को लॉकडाउन लगाया गया था। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ट्वीट कर कहा कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए लॉकडाउन को एक सप्ताह अर्थात 8 जून, 2021 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। परन्तु व्यापार के लिए अतिरिक्त छूट दी जा रही है। सभी लोग मास्क पहनें और सामाजिक दूरी बनाए रखें।ढ आपको बता दें कि बिहार में कोरोना वायरस संक्रमण के कारण पिछले 24 घंटे के दौरान 52 और व्यक्ति की मौत हो जाने से इससे मरने वालों की संख्या रविवार को 5104 हो गयी और 1475 नए मामले सामने आने से संक्रमितों की संख्या बढकर 705648 हो गयी। स्वास्थ्य विभाग ने यह जानकारी दी।



## दिनेश शर्मा ने कहा– हर क्षेत्र में सफलता की नई बुलंदियों को छू रहा देश

लखनऊ,(एजेंसी)। उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में समर्थ, समृद्ध व आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हो रहा है। देश हर क्षेत्र में सफलता की नई बुलंदियों को छू रहा है। एक ऐसे भारत का निर्माण हो रहा है जहां जनता के कल्याण और राष्ट्र गौरव के कार्य ही मुख्य लक्ष्य है।



आज दुनिया के अन्य देश भी भारत की सामर्थ्य का लोहा मान रहे हैं। केन्द्र की प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सात साल आजाद भारत के इतिहास का वह स्वर्णिम समय है जिसमें जनता की मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के साथ ही न्यू इंडिया की परिकल्पना को पूरा करने की दिशा में कदम आगे बढे हैं। देश में तेजी से हुए डिजिटलीकरण ने दूरियों को कम करने के साथ ही काम की रफ्तार को गति दी है। योजनाओं का लाभ आम जनमानस तक बिना किसी भेदभाव के पहुच रहा है। केन्द्र सरकार के सात साल पूरा होने पर आयोजित सेवा ही संगठन कार्यक्रम के दौरान बख्शी का तालाब विधानसभा के ग्राम कुम्हरावां और जमखनवा के ग्रामीणों से वर्चुअल संवाद करते हुए।

## ममता बनर्जी ने पीएम नरेंद्र मोदी को लिखा पत्र



कोलकाता,(एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर राज्य के मुख्य सचिव को दिल्ली बुलाने के आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया। ममता बनर्जी ने सोमवार को राज्य के मुख्य सचिव अलपन बंद्योपाध्याय को वापस बुलाने के केंद्र सरकार के फैसले को खारिज करते हुए कहा कि राज्य सरकार उन्हें रिहा नहीं कर रही है। बंगाल सरकार उन्हें रिलीव नहीं कर रही है। लिहाजा चीफ सेक्रेट्री के दिल्ली पहुंचने की संभावना कम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में, ममता बनर्जी ने अलपन बंद्योपाध्याय को वापस बुलाने के केंद्र के फैसले को ष्असंवैधानिकष और ष्अवैधष बताया और केंद्र सरकार से अपना आदेश वापस लेने की अपील की। ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल कोरोनोवायरस महामारी से बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

## सरकार 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं पर दो दिन में करेगी फैसला: अटॉर्नी जनरल

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय को सोमवार को बताया गया कि सरकार कोविड–19 वैश्विक महामारी के बीच 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने या नहीं करने के बारे में आगामी दो दिन में अंतिम फैसला करेगी। अटॉर्नी जनरल के के वेणुगोपाल ने न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर और न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी की पीठ को यह जानकारी दी। पीठ ने कहा कि यदि केंद्र वैश्विक महामारी के कारण शेष बोर्ड परीक्षाएं रद्द करने की पिछले साल की नीति से अलग फैसला करता है, तो उसे इसका ठोस कारण देना होगा। पीठ ने वेणुगोपाल से कहा, ''कोई समस्या नहीं है। आप फैसला कीजिए। आपको ऐसा करने का अधिकार है। यदि आप पिछले साल की नीति से अलग फैसला करते हैं, तो आपको इसका ठोस कारण देना होगा।'' उसने कहा कि पिछले साल सोच–समझकर निर्णय लिया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा, ''यदि आप इस नीति से अलग फैसला करते हैं, तो कृपया हमें इसका ठोस कारण दीजिए, ताकि हम समीक्षा कर सकें।'' पीठ मौजूदा हालात के मद्देनजर भारतीय विद्यालय प्रमाण–पत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं कक्षा की परीक्षाएं रद्द करने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी।



# सपाईयो ने मनायी अहिल्याबाई होल्कर की जयन्ती

अमेठी। जिला मुख्यालय के समाजवादी कार्यालय पर अहिल्याबाई होल्कर की जयन्ती मनायी गयी। विदित हो कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशन में पार्टी कार्यालय पर भारतीय इतिहास की प्रसिद्ध शासिका राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयन्ती मनाने के निर्देश के क्रम में जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि राजमाता अहिल्याबाई ने जनता की सेवा करते हुये चहुओर विकास किया, चाहे रास्ते का निर्माण हो, जल पीने की व्यवस्था, ठहरने की व्यवस्था कर आम जनमानस को सुविधा देने का कार्य किये। उन्होंने 30 वर्ष तक बतौर शासक कार्य किया। जिनके कार्यकाल में जनता काफी खुशहाल थी। समाजवादी पार्टी उन्हीं के आदर्शो व पदचिन्हों पर चलते हुए जनहित कार्य कर रही है। जो पिछली सरकार में सबको देखने को मिली। जिसकी प्रशंसा देश प्रदेश में हर जगह हो रही है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने लोहिया रसोई का शुभारम्भ किया। गरीब, मजदूरो सहित राहगीरों को लंच पैकेट वितरित किया। कार्यक्रम में महासचिव एडवोकेट अरशद खान, उपाध्यक्ष तुफैल खान, कोषाध्यक्ष जैनुल हसन, मीडिया प्रभारी राम केवल यादव, डॉ सी पी यादव, मीना सिंह, सरिता मिश्रा, रचना कोरी, बिमलेश सरोज, मनीराम वर्मा, इजहार अहमद गुड्डू, गिरीश यादव, जावेद खान, महाबीर कश्यप, अरुन यादव, अवधेश बहादुर, राजा सिंह, अभिषेक




मौर्या, महताब खान, राम हेत यादव, गौरी प्रसाद मौर्या, बी डी यादव, राम अभिलाख यादव, कुलदीप शुक्ला, जगप्रसाद, राम बरन यादव, बजरंग श्रीवास्तव, योगेन्द्र मिश्रा, रमेश प्रजापति, इसरार अहमद, शरीफ कुरैशी, गंगाराम यादव, अनवार खान, कैलाश यादव, गोकुल चन्द्र कौशल, हाजी अकबाल खान, विजय बहादुर यादव, सुनील शर्मा, अशरफ बेग, अहिया लेखपाल, घनश्याम सिंह, अजय कुमार तिवारी, राजेश कुमार मौर्य, राम प्रकाश यादव, सुखाराम सिंह, अखिलेश यादव, ललित यादव आदि मौजूद रहे। विदित हो कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशन में पार्टी कार्यालय पर भारतीय इतिहास की प्रसिद्ध शासिका राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयन्ती मनाने के निर्देश के क्रम में जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि राजमाता अहिल्याबाई ने जनता की सेवा करते हुये चहुओर विकास किया, चाहे रास्ते का निर्माण हो, जल पीने की व्यवस्था, ठहरने की व्यवस्था कर आम जनमानस को सुविधा देने का कार्य किये। उन्होंने 30 वर्ष तक बतौर शासक कार्य किया। जिनके कार्यकाल में जनता काफी खुशहाल थी। समाजवादी पार्टी उन्हीं के आदर्शो व पदचिन्हों पर चलते हुए जनहित कार्य कर रही है। जो पिछली सरकार में सबको देखने को मिली। जिसकी प्रशंसा देश प्रदेश में हर जगह हो रही है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने लोहिया रसोई का शुभारम्भ किया। गरीब, मजदूरो सहित राहगीरों को लंच पैकेट वितरित किया।

# 70 किलो गोमांश के साथ एक गिरफ्तार

अमेठी। अपराध एवं अपराधियो के धर पकड़ हेतु चलाये जा अभियान के क्रम में उ0नि0 देवेन्द्र प्रताप सिंह थाना मोहनगंज तालाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त कमरुद्दीन उर्फ कम्मू पुत्र रियाजुद्दीन नि0 उसरी मजरे रस्तामऊ थाना मोहनगंज जनपद अमेठी को ग्राम गुजरन का पुरवा मजरे कोची के पास से गिरफ्तार किया गया।दो अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने फरार अभियुक्तों का नाम रमजान पुत्र कल्लू ,मिल्ले उर्फ सरफराज निवासीगण रस्तामऊ थाना मोहनगंज अमेठी बताया । मौके से 70 किलो गोमांस व वध करने के उपकरण बरामद हुए । थाना मोहनगंज द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम मे उ0नि0 देवेन्द्र प्रताप सिंह, हे0का0 मनोज कुमार,का0 शुभम सिंह,म0का0 पूजा कुमारी शामिल रहे।

## एसपी ने किया जागरूक

अमेठी। पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व्यवस्था व कानून व्यवस्था हेतु कस्बा गौरीगंज में पुलिस बल के साथ पैदल मार्च कर आमजनमानस से मास्क लगाने, सेनेटाइजर का प्रयोग करने, अनावश्यक रूप से घर से न निकलने व सोशल डिस्टेंसिंग के पालन हेतु अपील की गयी।

## राधिका आजीविका महिला स्वयं सहायता समूह ने बांटे पोषाहार

प्रतापगढ़। महिला समूह ने बाल विकास एवं पुष्टाहार का पोषाहार गर्भ धात्री, शिशु को बितरित किया। महिला और शिशु की भागेदारी शत प्रतिशत रही। निगरानी सहायक बिकास अधिकारी आई यस बी शरद शुक्ल, खण्ड बिकास अधिकारी सण्डवा चंद्रिका शमां सिंह ने किया। जिले के बिकास खण्ड सण्डवा चंद्रिका के ग्राम पंचायत कल्याणपुर मौरहा की राधिका आजीविका महिला स्वयं सहायता समूह की सुषमा देवी ने बताया कि आंगन बाडी केंद्र पर कार्यकत्री एवं सहायिका ने लाभार्थी को बुलाया। समूह की सदस्यों ने पहले पैकेट बजन करके बनाये। फिर सील कर दिया। लाभार्थियों को बितरित किया गया। इस मौके पर प्रधान के साथ कोटेदार रबि तिवारी भी मौजूद रहे।

## बिजली कटौती जोरों पर, लोग परेशान

अमेठी। गांव और शहर में बिजली की आपूर्ति बाधित चल रही है। लोग परेशान हैं। शिकायत पर कार्यवाही नहीं हो रहीं हैं। गर्मी और उमस से जनता परेशान हैं। पंचायत में भाजपा की राजनीति मंहगी पडीं। वरिष्ठ नेताओं को दर किनार कर नये नेताओं को जिला पंचायत सदस्य पद के लिए पार्टी का समर्थित प्रत्याशी प्रत्याशी बनाना भी लोगों को रास नहीं आया। और पार्टियों को छोडिए निर्दलीय प्रत्याशियों ने पंचायत राजनीति में खाट खड़ी कर दी। तिलमिलाई सरकार ने बिजली कटौती पर अंकुश नहीं लगा रही है। सरकार भी किसी की बात सुनने को तैयार नहीं है। ऐसी हालत में जनता ने संघर्ष करने वालो का साथ पकड लिया। जिले के पावर हाऊस बेनीपुर, अमेठी, नौगिरवां, घोरहा, राम गंज, जिरहा, पीथीपुर, शुकुलपुर आदि में बिजली कटौती जोरों पर चल रहीं हैं। समस्या का निराकरण नहीं नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण उपभोक्ता संजय कुमार, रमेश, सुधांशु, दुखी राम बिकास, बिपिन परेशान हैं। शहरी उपभोक्ताओं मुन्ना, संजय कुमार तिवारी, सन्तोष शुक्ल, राकेश कुमार तिवारी, राजेंद्र प्रसाद मिश्र, लल्लू मिश्र, देश राज सिंह, सन्तोष शुक्ल आदि ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिजली आपूर्ति में सुधार की मांग की है। तथा शिकायत के त्वरित निस्तारण की मांग की है।

## मुख्य मार्ग में जल भराव, ग्रामीण परेशान

उरई/जलौन, (यूएनएस)। सिरसा कलार ब्लाक महेवा के गांव खडगोई मुस्तकिल में स्कूल के रास्ते में बनी सीसी पर पानी निकासी व्यवस्था न होने से जलभराव रहता है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही हैं। बताते चलें कि खडगोई मुस्तकिल बीहड़ पट्टी से लगा हुआ गांव है। यहां पिछले वर्ष मुख्य मार्ग में सीसी बनाई गई थी। जिसमें जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं थी। इस कारण नालियों का पानी सीसी पर भर जाता है। लोगों को नालियों के गंदे पानी में होकर गुजरना पड़ता है। गांव के रमेश सिंह, देवेंद्र, रणबीर सिंह का कहना है कि एक साल हो गए। स्थिति यह है कि यह सड़क तालाब में तबदील हो गई है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व प्रधान संतराम सिंह का कहना है, कि पानी निकासी के लिए कालपी विधायक से मिला था पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। वर्तमान प्रधान रजनी देवी का कहना है कि अभी कोरम पूर्ण न होने से शपथ नहीं हुई है। फिर भी विधायक से भेंट कर पानी निकासी के लिए कहेंगे। इस बारे में विधायक प्रतिनिधि राघवेंद्र सिंह का कहना है कि नाले की नाप तौल के लिए जेई भेजा था। पर लोगों ने विरोध किया। इसलिए नाला नहीं बन पाया है। जल्द ही दोबारा नाप जोख कराई जाएगी।

# प्रशासन ने ड्रोन सर्वे का किया निरीक्षण

अमेठी। केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के वरीयता क्रम में स्वामित्त्व योजना "घरौंदी" पर जिले में बड़ी तेजी से कार्य हो रहा है। जिस प्रशासन समय समय पर निगरानी कर रहा है। जिसके लिये निगरानी समिति गठित कर दिया है। तहसील प्रशासन सर्वे के कार्य का जमीनी हकीकत को देखने संयुक्त मजिस्ट्रेट संजीव कुमार मौर्य के निर्देश पर तहसीलदार घनश्याम भारतीय के नेतृत्व में प्रशिक्षु एस डी एम फाल्गुनी सिंह व नायब तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय के अगुवाई में निगरानी समिति की टीम को सर्वे स्थल पर भेजा। जिसमें जामो विकास खण्ड के पुरवो में चल रहे सर्वे का निरीक्षण किया। विदित हो कि ड्रोन सर्वे



में तकनीकी, भौतिकी आयामी चर्चा, राजस्व टीम द्वारा प्रारूप आदेशित 5 फीडिंग, सर्वे, चूना से मार्किंग की जा रही है। विकास खण्ड के 181 गाँवो में सात सात की संख्या में क्लस्टर पायलट प्रोजेक्ट का बनाकर कार्य किया जा रहा है। जिसमें चयनित कुल 36 क्लस्टर में से 25 क्लस्टर में सर्वे का कार्य हो चुका है। इसमें पांच पांच क्लस्टर बनाये गये है। ड्रोन सर्वे राजस्व नक्शे से हुबहू मिलता रहे। इसलिये समय समय पर राजस्व द्वारा क्रॉस चेकिंग की जा रही है। जिससे इसमें किसी तरह की कमी न रहे। गाँवो में जमीनी के चिन्हाकन के लिये चूना का प्रयोग किया जा रहा है। इस मौके पर कानूनगो पी एन ओझा, राजस्व कर्मी प्रेम नारायन पाल आदि मौजूद रहे।

# हाईस्कूल के 22,787 परीक्षार्थी बिना परीक्षा पास

बांदा, (यूएनएस)। जनपद के 22,787 हाईस्कूल बोर्ड परीक्षार्थियों में बिना परीक्षा दिए ही अगली कक्षा में प्रमोट करने से खुशी की लहर है। कोरोना संक्रमण काल में आधी–अधूरी तैयारी के बीच परीक्षा देने का संशय अब समाप्त हो गया। सभी परीक्षार्थी बिना परीक्षा दिए अगली कक्षा में प्रमोट किए जाएंगे। शासन का आदेश आने के बाद मेधावी और सामान्य छात्रों ने इसे सहर्ष स्वीकार कर लिया है। अभिभावक और प्रधानाचार्यों ने भी शासन के इस निर्णय को वर्तमान परिस्थिति के अनुकूल बताया है। इस वर्ष हाईस्कूल यूपी बोर्ड परीक्षा में 12,724 छात्र और 10,063 छात्राएं पंजीकृत हैं। इन सभी के कक्षा 11वीं में प्रवेश का रास्ता साफ हो गया। शासन के आदेश पर माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज ने इन परीक्षार्थियों के प्री बोर्ड परीक्षा अंकों के आधार पर उत्तीर्ण करने का निर्णय लिया है। अर्थात जिस छात्र ने प्री बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है, उसे उसी आधार पर हाईस्कूल में अंक मिलेंगे। शासन का यह फैसला आने पर बोर्ड परीक्षार्थियों में खुशी की लहर है। कोविड–19 के बढ़ते प्रसार को देखते हुए परीक्षार्थियों के हित में बेहतर निर्णय है। हालांकि, शासन के इस आदेश से मेधावी छात्र–छात्राओं में मायूसी है। वह परीक्षा देना चाहते थे, लेकिन मानवीय दृष्टिकोण से वह इसे सहर्ष स्वीकार कर रहे हैं। शासन का जो भी निर्णय आएगा, वह उसे सहर्ष स्वीकार करेंगी। प्रतियोगी परीक्षाओं से मेरिट का सिस्टम लगभग अब खत्म हो गया है। इससे हाईस्कूल में किस विद्यार्थी को कितने अंक मिले, इसका महत्व अब नहीं है। मेधावी अगली कक्षा में अच्छा प्रदर्शन करें। अपने को साबित करें। प्री बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन के आधार सभी को अंक दिए गए हैं। हाईस्कूल के परीक्षार्थियों को अगली कक्षा में प्रमोट किया जाना और इंटरमीडिएट परीक्षार्थियों की परीक्षा कराने का निर्णय बेहतर है।

## आग लगने से गृहस्थी जलकर खाक

उरई/जलौन, (यूएनएस)। जालौन जिले के कालपी में सोमवार सुबह एक घर में भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। बुजुर्ग महिला ने भगवान की आरती के लिए जैसे ही माचिस जलाई पूरे कमरे में आग लग गई। जिससे बुजुर्ग महिला चीखते हुए घर के बाहर आई। आग से महिला बुरी तरह झुलस गई। तभी घर की दूसरी मंजिल से मनोज की पत्नी और बच्चे पायल व अंश के चीखने की आवाज आने लगी। चीख–पुकार सुन मोहल्ले के काफी लोग इकट्ठा हो गए। लोगों ने सीढ़ी लगाकर घर के ऊपर वाले कमरे में फसे मनोज के बच्चों और पत्नी को बचा कर नीचे उतारा। इसी दौरान घरेलू गैस सिलिंडर के फटने की आवाज आई। जिससे इलाके में दहशत फैल गई। विस्फोट से घर की दीवारें चिटक गईं। जानकारी मिलते ही।

# बरियापुर मार्ग जर्जर, राहगीर चिंतित

### 'ओबर ब्रिज निर्माण से परेशानी



अमेठी। बढईपुर गांव से निकले बरियापुर सम्पर्क मार्ग से बिशम्भर गांव को जोड़ने वाली सड़क जर्जर हो चुकी है। ककवा बाई पास मार्ग से आने वाले वाहन चालकों को किठावर रोड पर आने जाने के लिए आम सड़क यहीं है। लेकिन सडक इतनी खराब हो गई है। बोल्डर और जर्जर सडक के उभरे गड्ढों से गिरकर चोटिल हो रहें हैं और बाहन और बाईक पल्टी मार रहे हैं। लोनियापुर प्रधान मनोजा राम जी शुक्ल कहते हैं। लोग परेशान हैं। ओबर ब्रिज निर्माण शुरू हो गया है। लेकिन ककवा रोड बन्द होने के बाद लोगों के आवागमन पर प्रशासन नजर नहीं फेरा है। जिसका खामियाजा जनता भुगतान रही है। पूर्व प्रमुख रमाशंकर सिंह, पूर्व प्रमुख परशुराम, पूर्व प्रमुख रश्मि सिंह आदि ने जिलाधिकारी से मांग किया है। जनता परेशान हैं। लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड अमेठी के अभियन्ताओ ने मनमानी की हद पार कर दी है मामले की जांच करवाई जाय और जनता को गुमराह करने के बजाय उसे राहत दिलाने की बात कही है।

# संक्षिप्त समाचार

## 18 की छुट्टी, 10 नए केस

उरई/जलौन, (यूएनएस)। जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार धीमी पड़ी है। सोमवार को दस कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। अब संक्रमितों की संख्या बढ़कर 11408 हो गई है। जबकि 183 की मौत हो गई है। वहीं 11087 ठीक हो चुके है। सोमवार को 18 लोगों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। फिलहाल 138 सक्रिय केस है। जिला प्रशासन की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक अब तक 447105 सैंपल लिए जा चुके हैं। सोमवार को जो दस पॉजिटिव केस आए है, वे जोल्हूपुर, महमूदपुरा, बुढ़ावली, बरहा, लहचूरा, सींगपुरा, सैदनगर, उमरारखेरा, महतवानी क्षेत्र से आए है। डीएम प्रियंका निरंजन ने बताया कि मेडिकल कालेज के एल 2 हॉस्पिटल में 261 बेड व एल 1 हॉस्पिटल में 179 बेड खाली है। जिस मरीज को ऑक्सीजन संबंधी समस्या हो, वह हेल्पलाइन नंबर की मदद से इन अस्पतालों में भर्ती हो सकता है। सभी को सावधानी बरतनी है और कोरोना संबंधी गाइडलाइन का पालन करना है।

## मेगा कैंप को सफल बनाने की रणनीति बनाई

उरई/जलौन, (यूएनएस)। नगर पालिका सभागार में सोमवार को पालिकाध्यक्ष अनिल बहुगुणा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें सोमवार को टाउनहाल मैदान में होने वाले मेगा वैक्सीन कैंप को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। पालिकाध्यक्ष ने सभासदों से कहा कि वह अपने अपने वार्ड के 45 साल से अधिक आयु के लोगों को कैंप में लेकर आए और उनका टीकाकरण कराए। इस दौरान राजस्व व सफाई निरीक्षक अशोक कुमार शर्मा भी मौजूद रहे।

## बंद पड़ी सोलर पानी टंकी, गांव में लगे हैडपंप पड़े खराब

उरई/जलौन, (यूएनएस)। आटा तहसील कालपी के ग्राम बारा में स्वच्छ भारत मिशन जलसंस्थान की ओर से तीन साल पहले एक सोलर पानी की टंकी का निर्माण कराया गया। पर जिम्मेदारों की अनदेखी से सोलर पानी टंकी बंद पड़ी है। स्थिति यह है कि अभी तक उससे ग्रामीणों को पानी का लाभ नहीं मिला है। बताते चलें कि बारा गांव की आबादी करीब चार हजार से ज्यादा है। गांव में पानी पीने के लिए बारह सरकारी हैंडपंप लगे हैं। इसमें छह हैंडपंप सालों से खराब हैं। ग्रामीण भीषण गर्मी में पानी की एक एक बूंद के लिए तरस रहे है। बारा गांव में अथाई मोहल्ले में पानी का कोई संसाधन नहीं है, न मोहल्ले में कोई सरकारी हैंडपंप है और न ही कोई नलकूप। जिससे मोहल्लेवासियों को पीने का पानी मिल सके। मोहल्ले के लोगों को दूरदराज से पीने का पानी भरने को मजबूर है। गांव में रामप्रकाश के दरवाजे लगा सरकारी हैंडपंप पिछले दो साल से खराब पड़ा है। वहीं गांव में बनी सोलर टंकी भी ठूठ बनी है। ग्रामीणों का कहना है कि जलसंस्थान के अधिकारियों से कई बार खराब पड़ी सोलर पानी टंकी के बारे में शिकायत की, लेकिन अब तक किसी ने सुध नहीं ली। ग्राम बारा निवासी मदन अवस्थी, रामविहारी, वीरपाल अहिरवार, अनिल, श्रीपत राठौर, भागीरथ अहिरवार, चंद्रपाल, आदि ने खराब पड़ी सोलर टंकी व हैंडपंपों को ठीक कराने की मांग की। सचिव वैभव कुमार का कहना है कि गांव में जो हैंडपंप खराब है, उनको जल्द से जल्द ठीक करा दिया जाएगा।

## मौरंग खदान में गूंजी गोलियों की तड़तड़ाहट, एक कर्मचारी को लगी गोली, गंभीर

बांदा, (यूएनएस)। बांदा जिले में पैलानी थाना क्षेत्र के खप्टिहा कलां के मौरंग खदान में आपसी विवाद के बाद गोलीबारी की घटना सामने आई है। जिसमें एक युवक के दाहिने पैर में गोली लगने से वह लहूलुहान हो गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने आनन–फानन में घायल युवक को बांदा जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने कानपुर रेफर कर दिया है। युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। बता दें कि पैलानी थाना क्षेत्र के मौरंग खदान में किसी बात को लेकर खदान के कर्मचारियों में आपसी विवाद हो गया। विवाद में किसी ने अवैध तमंचे से फायर झोंक दिया। गोली लगने से एक युवक लहुलुहान हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। कर्मचारियों ने बताया कि खदान में किसी बात को लेकर आपसी विवाद चल रहा था तभी मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी और भाग निकले। पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

## भवन निर्माण श्रमिकों को मिलेगा एक हजार भत्ता

बांदा, (यूएनएस)। दिहाड़ी मजदूरों के बाद अब सरकार भवन निर्माण से जुड़े पंजीकृत श्रमिकों को आपदा सहायता योजना के तहत एक हजार रुपये भरण पोषण भत्ता देगी। पिछले वर्ष भी कोरोना महामारी के दौरान सरकार ने श्रमिकों को तीन माह तक यह भत्ता दिया था। अब प्रदेश की योगी सरकार ने दिहाड़ी मजदूरों के अलावा भवन निर्माण से जुड़े श्रमिकों को भत्ता देने के आदेश दिए हैं। चित्रकूटधाम मंडल में 29,630 श्रमिकों को श्रम विभाग ने भत्ता के लिए चिह्नित किया है। पहली जून को इनके खातों में राशि भेजी जाएगी। उप श्रमायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि चित्रकूटधाम मंडल के चारों जनपदों बांदा, हमीरपुर, महोबा और चित्रकूट में डेढ़ लाख श्रमिक पंजीकृत हैं। भवन एवं सन्निर्माण बोर्ड के सचिव अरविंद चौहान ने आदेश दिए हैं कि 30 अप्रैल तक पंजीकृत,नवीनीकृत श्रमिकों को आपदा सहायता योजना के तहत एक हजार की राशि हितलाभ के रूप में दी जाएगी। हालांकि, श्रमिकों के खातों में भुगतान बोर्ड द्वारा इंडियन बैंक के माध्यम से एनपीसीआई की सहायता से आधार बेस्ड पेमेंट (एबीपी) किया जाएगा। इसके लिए चिह्नित श्रमिकों की सूची मांगी गई है। मंडल मुख्यालय बांदा में 11,736, महोबा में 8,375, हमीरपुर में 4,512 व चित्रकूट में 5000 श्रमिक चिह्नित किए गए हैं। उनकी सूची बोर्ड को भेजी जा रही है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी महेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि पिछले वर्ष सरकार ने मार्च, अप्रैल व मई में तीन माह भत्ता दिया था। संक्रमण के कम होते ही इसे बंद कर दिया गया था। अब फिर भत्ता योजना शुरू हो गई। श्रमिकों की पहली सूची तैयार कर ली गई है। कई श्रमिकों के आधार में पिता का नाम नहीं है। संशोधन के बाद उनके नाम दूसरी सूची में भेजे जाएंगे।

## दीवार गिरने से महिला की मौत

बांदा, (यूएनएस)। महिला की दीवार गिरने से मौत हो गई। चौकी क्षेत्र के करगेहना गांव (छिबांव) में रविवार की शाम दीवार गिरने से महिला कलमतिया (50) गंभीर रूप से घायल हो गई। पीएचसी ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# काइल जैमीसन ने अचानक आईपीएल छोड़ने को दिलचस्प अनुभव करार दिया

लंदन। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन ने कहा कि भारत में महामारी के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को छोड़ना एक दिलचस्प अनुभव था लेकिन उन्हें विश्वास था कि उनके आसपास के अच्छे लोग उनके पहले ब्रिटिश दौरे के लिये इंग्लैंड तक की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करेंगे। जैमीसन और न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने दिल्ली से मालदीव जाना उचित समझा जहां से उन्होंने ब्रिटेन के लिये उड़ान पकड़ी। भारत की राष्ट्रीय राजधानी में कोविडकृ19 की बदतर स्थिति के कारण वे असुरक्षित महसूस कर रहे थे। जैमीसन ने रविवार को मीडिया से बातचीत में कहा, यह दिलचस्प अनुभव था। यह ऐसा नहीं था जिसके आप योजना बना सकते हैं। हमें उसी समय सूचित किया गया। हमारे आसपास बीसीसीआई और आईपीएल टीमों से कुछ अच्छे लोग थे। यह तेज गेंदबाज आईपीएल में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की तरफ से खेल रहा था। आईपीएल के बायो बबल में कोविडकृ19 के मामले पाये जाने के बाद इस टूर्नामेंट को स्थगित कर दिया गया था। जैमीसन ने कहा, हमें वही करना था जो हमारे लिये सही था। निश्चित तौर पर भारत में स्थिति विकट थी और हमें पता था कि बायो बबल के बाहर की स्थिति कैसी है। एक बार इस वायरस के बायो बबल में घुसने के बाद टूर्नामेंट स्थगित करना सही फैसला था। उन्होंने कहा, हमें उन लोगों पर भरोसा रखना था और उन चीजों पर नियंत्रण रखना था जिन पर हम नियंत्रण रख सकते थे। हमारे आसपास कुछ अच्छे लोग थे जिन्होंने हमें इंग्लैंड तक पहुंचाने में मदद की। जैमीसन घ्इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैच और फिर भारत के खिलाफ 18 से 22 जून के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल खेलने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, यह मेरा इंग्लैंड का पहला दौरा है। मैं पहली बार लार्ड्स में खेलूंगा। मैं अपना ध्यान भटकाने के बजाय इसका पूरा लुत्फ उठाना चाहता हूं। इसलिए मैं इस टेस्ट और एजबेस्टन टेस्ट के अलावा (डब्ल्यूटीसी) फाइनल पर ध्यान दे रहा हूं।




# टी20 विश्व कप पर अंतिम फैसले के लिये एक महीने का समय मांगा

*BCCI ने टी20 विश्व कप पर अंतिम फैसले के लिये एक महीने का समय मांगा है।आईपीएल 18 सितंबर से 10 अक्टूबर के बीच होने की संभावना है।*



नयी दिल्ली। बीसीसीआई की आमसभा ने सितंबर में यूएई में आईपीएल की बहाली को शनिवार को मंजूरी दे दी और आईसीसी टी20 विश्व कप पर अंतिम फैसला लेने के लिये आईसीसी से एक महीने का समय मांगा है ताकि भारत में कोरोना महामारी की स्थिति का आकलन किया जा सके। आमसभा की विशेष बैठक आनलाइन हुई जो 50 मिनट तक चली। इसमें सदस्यों ने दोनों एजेंडे को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी। बैठक में मौजूद एक प्रदेश संघ के सीनियर सदस्य ने बताया ,'' एसजीएम ने आईपीएल के बाकी मैच सितंबर अक्टूबर में कराने को मंजूरी दे दी। इसकी तारीखों की घोषणा बाद में की जायेगी।'' उन्होंने कहा ,'' सितंबर में भारत में मानसून का समय होता है। इसके अलावा यूएई में तीन मैदान होने से आसानी हो जाती है जैसा हम 2020 में देख चुके हैं। '' आईपीएल 18 सितंबर से 10 अक्टूबर के बीच होने की संभावना है। अधिकारी ने कहा कि सभी सदस्य चाह तेहैं कि टी20 विश्व कप अक्टूबर के आखिर में भारत में हो लेकिन अभी उस पर कोई फैसला नहीं लिया जा सकता है। उन्होंने कहा ,'' बीसीसीआई प्रतिनिधि अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह एक जुलाई तक का समय मांगेंगे जिसके बाद एक और एसजीएम बुलाई जायेगी ताकि यह फैसला लिया जा सके कि टी20 विश्व कप भारत में होगा या नहीं।'' उन्होंने कहा ,'' इस समय देश में स्वास्थ्य हालात ऐसे नहीं है कि हम अंतिम फैसला ले सकें।'' एक संक्षिप्त बयान में बीसीसीआई ने कहा कि सभी सदस्य आईपीएल यूएई में बहाल करने पर सहमत हो गए हैं। सचिव जय शाह ने बयान में कहा ,'' बीसीसीआई ने शनिवार को घोषणा की कि वीवो इंडियन प्रीमियर लीग 2021 सत्र के बाकी मैच संयुक्त अरब अमीरात में कराये जायें।

# बांग्लादेश के कप्तान तमीम इकबाल पर लगा भारी जुर्माना

*श्रीलंका के खिलाफ अभद्र भाषा के इस्तेमाल पर बांग्लादेश के कप्तान तमीम इकबाल पर लगा जुर्माना।इसमें 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अभ्रद के इस्तेमाल का जिक्र है'। इस जुर्माने के साथ ही तमीम के अनुशासन रिकॉर्ड में एक डीमेरिट अंक जोड़ दिया है।*




दुबई। बांग्लादेश के कप्तान तमीम इकबाल पर श्रीलंका के खिलाफ ढाका में खेले गये विश्व कप सुपर लीग श्रृंखला के तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान अभद्र के इस्तेमाल करने पर मैच फीस के 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक तमीम ने आईसीसी के खिलाड़ियों एवं सहयोगी सदस्यों के आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 का दोषी पाया गया। इसमें 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अभ्रद के इस्तेमाल का जिक्र है'। इस जुर्माने के साथ ही तमीम के अनुशासन रिकॉर्ड में एक डीमेरिट अंक जोड़ दिया है। जब कोई खिलाड़ी 24 महीने के अंदर चार या उससे ज्यादा डीमेरिट अंक पा लेता है तो उसे निलंबन का सामना करना पड़ता है। यह घटना शुक्रवार को बांग्लादेश की पारी के 10वें ओवर में हुई, जब तमीम ने अपने विकेट के पीछे कैच की असफल समीक्षा के बाद अनुचित का इस्तेमाल किया। तमीम ने अपनी गलती के लिए माफी मांग ली है और इसलिए अब उनके खिलाफ औपचारिक कार्रवाई की जरूरत नहीं है। मैदानी अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद और तनवीर अहमद, टेलीविजन अंपायर गाजी सोहेल और चौथे अधिकारी मसूदुर रहमान ने तमीम के खिलाफ आरोप लगाए। स्तर एक के तहत आने वाले इस तरह के उल्लंघनों में न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार है जबकि अधिकतम ढंड मैच फीस का अधिकतम 50 प्रतिशत जुर्माना और एक या दो डिमैरिट अंक शामिल है।

# मिलावट पर रोक, विदेशों में बाजार टूटने से घरेलू तेल तिलहनों के भाव धराशायी

नयी दिल्ली। सरकार द्वारा आठ जून से सरसों में आयातित सस्ते तेल के मिलावट (ब्लेंडिंग) पर रोक लगाने के फैसले तथा भारत में आयात शुल्क कम किये जाने की अफवाहों के झूठा निकलने से विदेशों में खाद्य तेलों के दाम टूट गये। इसकी वजह से दिल्ली तेल–तिलहन बाजार में बीते सप्ताह सभी प्रमुख तेल तिलहनों के भाव नरमी रही। जानकार सूत्रों ने कहा कि अफवाहों के झूठा साबित होने तथा मिलावट पर रोक लगने की खबर के कारण सीपीओ, चावल भूसी तेल और सोयाबीन डीगम की मांग गंभीर रूप से प्रभावित हुई और इनके भाव टूटते दिखे जिसका असर स्थानीय कारोबार पर भी हुआ और तेल तिलहनों के भाव नरमी दर्शाते बंद हुए। सीपीओ और सोयाबीन डीगम तेल की मांग प्रभावित होने से घरेलू बाजार में सरसों, सोयाबीन, मूंगफली, बिनौला सहित विभिन्न तेल कीमतों में गिरावट देखी गई। उन्होंने बताया कि मलेशिया में सीपीओ का भाव पिछले सप्ताह के 1,250 डॉलर प्रति टन से घटकर समीक्षाधीन सप्ताहांत में 1,160 डॉलर प्रति टन रह गया जबकि शिकागो और अर्जेन्टीना में सोयाबीन का भाव भी पिछले सप्ताह के 1,440 डॉलर प्रति टन से घटकर लगभग 1,380 डॉलर प्रति टन रह गया। देश में सोयाबीन की बिजाई के लिए इसके बेहतर दाने की उपलब्धता कम है जिसे बढ़ाने पर सोयाबीन की अगली पैदावार में काफी वृद्धि हो सकती है। सूत्रों ने कहा कि देश में सोयाबीन के बेहतर दाने की किल्लत की वजह से इसके तेल पेराई संयंत्र बंद हो रहे हैं क्योंकि बाजार में सोयाबीन की आवक घट रही है और सोयाबीन के दागी माल भी नहीं मिल रहे हैं। महाराष्ट्र के लातूर मंडी में सोयाबीन की जो आवक 7–8 हजार बोरी प्रतिटिन की थी वह अब घटकर 3–4 हजार बोरी प्रतिटिन रह गई है। इन परिस्थितियों में सोयाबीन दाना और लूज के भाव में तेजी रही लेकिन सोयाबीन डीगम की मांग प्रभावित होने से सोयाबीन के बाकी तेल कीमतें भी लुढ़कते नजर आये। सोयाबीन दाना और लूज की कीमत में तेजी का एक और कारण मुर्गीदाने के लिए पाल्ट्री उद्योग की ओर से सोयाबीन के तेलरहित खल (डीओसी) की स्थानीय और निर्यात मांग का बढ़ना भी है। सूत्रों ने सरसों के संदर्भ में कहा कि सरकार को लगभग 10 साल पहले ही सरसों में मिलावट को रोक देना चाहिये था और संभवतरू यही कारण है कि देश में सरसों का उत्पादन नहीं बढ़ पाया। उन्होंने कहा कि जिस तरह किसानों को सरसों के बेहतर दाम मिल रहे हैं और मिश्रण पर रोक लगाने की तैयारी की जा रही है, उससे सरसों की आगामी पैदावार काफी बढ़ने की संभावना जताई जा सकती है। मिश्रण पर आठ जून से रोक लागू होने की संभावनाओं के बीच आयातित सस्ते तेलों की मांग और दाम घट गये जिससे सरसों दाना, सरसों दादरी, सरसों पक्की और कच्ची घानी के दाम हानि दर्शाते बंद हुए। सूत्रों ने कहा कि मिलावट की छूट होने की वजह से किसानों को सस्ते में अपनी उपज बेचने को मजबूर किया जाता था। लेकिन अब सरकार को मिश्रण पर प्रतिबंध को लागू करते हुए इसे आगे भी जारी रखना चाहिये। इससे भविष्य में सरसों की पैदावार में अप्रत्याशित वृद्धि होने की संभावना है। देश में तिलहन की घरेलू पैदावार लगभग 75 लाख टन की है जिसमें से आधे हिस्से की आपूर्ति सरसों तेल के माध्यम से होती है। उन्होंने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताहांत में गिरावट के इस आम रुख के बीच बाकी अन्य तेल तिलहनों में भी हानि दर्शाते बंद हुए। बीते सप्ताह, सरसों दाना का भाव 50 रुपये की हानि दर्शाता 7,300–7,350 रुपये प्रति क्विन्टल रह गया जो भाव उसके पिछले सप्ताहांत 7,350–7,400 रुपये प्रति क्विंटल था। सरसों दादरी तेल का भाव भी 100 रुपये घटकर 14,400 रुपये प्रति क्विन्टल रह गया। सरसों पक्की घानी और कच्ची घानी टिनों के भाव भी समीक्षाधीन सप्ताहांत में 15–15 रुपये की हानि दर्शाते क्रमशः 2,300–2,350 रुपये और 2,400–2,500 रुपये प्रति टिन पर बंद हुए। डीओसी और सोयाबीन के बेहतर दाने की मांग होने से सोयाबीन दाना और लूज के भाव 50–50 रुपये का सुधार दर्शाते क्रमशः 7,750–7,850 रुपये और 7,650–7,700 रुपये प्रति क्विन्टल पर बंद हुई। दूसरी ओर विदेशों में सोयाबीन की कीमतों में गिरावट की वजह से यहां समीक्षाधीन सप्ताहांत में सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के भाव क्रमशः 650 रुपये, 400 रुपये और 400 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 14,950 रुपये, 14,900 रुपये और 13,650 रुपये प्रति क्विन्टल पर बंद हुए।

## संक्षिप्त



### बीसीसीआई ने किया कंफर्म, UAE में खेले जाएंगे IPL- 14 के बचे हुए मैच

इंडियन प्रीमियर लीग 14वें सीजन के बचे हुए मुकाबले यूएई में खेले जाएंगे। इस बात को लेकर बीसीसीआई की बैठक के में फैसला ले लिया गया है। टूर्नामेंट का आयोजन सितंबर अक्टूबर में हो सकता है। आपको बता दें कि भारत में कोरोना वायरस संक्रमण बढ़ने के कारण आईपीएल 14 को बीच में ही रोकना पड़ा था। आईपीएल के अभी 31 मुकाबले बचे हुए है। बीसीसीआई की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में इस बात को कंफर्म किया गया है। इसके अलावा आईसीसी टी–20 विश्व कप के आयोजन के लिए भारत ने कुछ वक्त बढ़ाने की मांग की है। आईपीएल को लेकर कहा जा रहा है कि मुकाबले 18 से 20 सितंबर के बीच शुरू होंगे और 10 अक्टूबर को फाइनल की उम्मीद की जा रही है। बाकी बचे हुए मैचों के लिए 10 डबल हेडेड और 7 सिंगल हेडेड मुकाबले खेले जाने की उम्मीद है। आईपीएल टलने तक दिल्ली कैपिटल्स 8 मैचों में से छह मैच जीतकर पहले स्थान पर थी जबकि चेन्नई सुपर किंग्स 5 मुकाबले जीतकर दूसरे नंबर पर बनी हुई थी। आरसीबी ने भी पांच मुकाबले जीते थे और वह तीसरे स्थान पर थी।

### एनसीएलटी ने देवास मल्टीमीडिया के परिसमापन का निर्देश दिया

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की वाणिज्यिक इकाई एंट्रिक्स कॉरपोरेशन के आवेदन को स्वीकार करते हुए देवास मल्टीमीडिया की परिसमान प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। एनसीएलटी की बेंगलुरु पीठ ने कहा कि देवास मल्टीमीडिया का गठन एंट्रिक्स कॉरपोरेशन के तत्कालीन अधिकारियों के साथ साठगांठ कर फर्जीवाड़ा करने के उद्देश्य से किया गया। इसका मकसद 2005 में समझौते के जरिये कंपनी से बैंडविद्थ हासिल करना था जिसे बाद में सरकार ने रद्द कर दिया। न्यायाधिकरण ने 19 जनवरी को अस्थायी तौर पर नियुक्त किये गये परिसमापक की भी पुष्टि की और उन्हें कंपनी की धोखाध ाड़ी गतिविधियों और कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग करने से रोकने के लिए उसके परिसमापन के लिये तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया। न्यायाधिकरण ने कहा, ''एंट्रिक्स के तत्कालीन अधिकारियों के साथ मिलीभगत और कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग करने, भारत में पैसा लाने और इसे संदिग्ध ा तरीकों से विदेशों में हस्तांतरित करने के लिए देवास का गठन गलत तथा गैरकानूनी उद्देश्य के साथ किया गया था। एनसीएलटी ने कहा कि भारत सरकार ने संप्रभु शक्तियों का उपयोग कर नीतियों में बदलाव किया। इसमें सवालों के घेरे में आये समझौते को रद्द करना शामिल है। न्यायाधिकरण के सदस्य आर राव विट्टानाला और आशुतोष चंद्रा की पीठ ने 25 मई को अपने आदेश में कहा, ''मामले में उक्त तथ्यों तथा परिस्थितियों पर विचार करने के बाद न्यायाधिकरण को मिले अधिकार का उपयोग करते हुए देवास मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के परिसमान का आदेश देकर कंपनी की याचिका स्वीकार की जाती है। पीठ ने परिसमापक को सात जुलाई को रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

### आईपीएल में नहीं खेलेंगे कमिंस, अन्य आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों पर फैसला करेगा सीए

सिडनी। कोलकाता नाइट राइडर्स के तेज गेंदबाज पैट कमिंस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) चरण में नहीं खेलेंगे और क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) को भी फैसला लेना होगा कि अन्य आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को इस लीग में भाग लेने की अनुमति देकर मानसिक रूप से कठिन बायो–बबल में ज्यादा समय बिताने देना समझदारी होगी या नहीं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को यूएई में सितंबर में आईपीएल की बहाली को मंजूरी दी जिसके 31 मैच बचे हैं। आयोजकों को इस महीने के शुरू में लीग को निलंबित करने के लिये बाध्य होना पड़ा क्योंकि जैविक रूप से सुरक्षित माहौल के अंदर ही कोविड–19 संक्रमण के कई मामले सामने आये। 'सिडनी मार्निंग हेराल्ड' ने एक रिपोर्ट में कहा, ''कमिंस कई लाख डॉलर के आईपीएल अनुबंध के बावजूद पहले ही कह चुके हैं कि वह इस सत्र में टी20 टूर्नामेंट के लिये नहीं लौटेंगे। अक्टूबर–नवंबर में भारत में टी20 विश्व कप खेला जाना है और सीए को भी इसे देखते हुए खिलाड़ियों के कार्यभार और जैविक रूप से सुरक्षित माहौल के अंदर होने वाली थकान जैसे पहलुओं को देखना होगा। आस्ट्रेलियाई खिलाड़यों को कोविड–19 महामारी के कारण देश में यात्रा संबंधित पाबंदियों के कारण भारत से मालदीव के जरिये घर पहुंचने के बाद पृथकवास में रहना पड़ा था।रिपोर्ट के अनुसार, ''सीए को फैसला करना होगा कि क्या बायो–सुरक्षित बबल में और अधिक समय बिताना उसके खिलाड़ियों के मानसिक स्वास्थ्य के हित में होगा या नहीं। इसमें लिखा गया, ''सीए फैसला कर सकता है कि आईपीएल से खिलाड़ियों को विश्व कप के लिये तैयार होने में मदद मिलेगी या नहीं जिसका आयोजन भी यूएई में किया जा सकता है।इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) क्रिकेट निदेशक एशले जाइल्स पहले ही कह चुके हैं कि जून के बाद व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यकम के कारण उसके खिलाड़ियों के टूर्नामेंट के बचे हुए हिस्से में उपलब्ध ा होने की संभावना नहीं है।

### इजरायल के विदेश मंत्री मिस्र के अपने पहले आधिकारिक दौरे पर

काहिरा। इजरायल के विदेश मंत्री गाबी अशकेनाजी रविवार को मिस्र के अपने पहले आधिकारिक दौरे पर हैं। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।अशकेनाजी इजरायल के विदेश मंत्री बनने के बाद से मिस्र के अपने पहले आधि ाकारिक दौरे पर हैं। एक प्रेस विज्ञप्ति से मिली जानकारी के अनुसार, "मिस्र के विदेश मंत्री समेह शौकरी और इजरायल के विदेश मंत्री गाबी अशकेनाजी रविवार को काहिरा में चर्चा करेंगे।"

## सम्पादकीय........

# डिजिटल उपनिवेशवाद का साया

व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम तीनों एक ही मालिक की अमेरिकी कंपनियां हैं. भारत में व्हाट्सएप के 53 करोड़, फेसबुक के 41 करोड़ और इंस्टाग्राम के 21 करोड़ यूजर हैं. पिछले पांच वर्षों से ये तीनों भारत के यूजर्स डाटा को व्यावसायिक लाभ के लिए आपस में शेयर करने के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी नीलाम कर रही हैं. करोड़ों भारतीयों को फंसाने के बाद एकतरफा प्राइवेसी पॉलिसी को लागू करते हुए व्हाट्सएप ने कह दिया कि जो लोग नहीं मानेंगे, उन्हें व्हॉट्सएप से हटा दिया जायेगा. इन कंपनियों से लंबे विचार–विमर्श के बाद आइटी नियमों को घोषित किया गया था, जिन्हें तीन महीने के भीतर सभी देसी–विदेशी कंपनियों को लागू करना था. वेबसाइट और एप, जिन्हें कानूनी भाषा में इंटरमीडियरी कहा जाता है, को भारत में अपने शिकायत अधिकारी, नोडल अधिकारी और कंप्लायंस अधिकारी को नियुक्त करना है. इससे पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को जांच में मदद मिलने के साथ यूजर्स की शिकायतों के समाधान में आसानी होगी.साथ ही फेसबुक, गूगल और व्हाट्सएप जैसी कंपनियों के भारतीय अधिकारियों का पूरा विवरण, वेबसाइट और एप में प्रकाशित होने के साथ मैसेज और इ–मेल के माध्यम से भारतीय यूजर्स तक भेजे जाने की जरूरत है. नियमों का पालन न करने पर ट्विटर जैसी कंपनियों से इंटरमीडियरी की कानूनी सुरक्षा चक्र को खत्म करने की पहल हो, तो कानून के शासन का इकबाल बुलंद होगा. विदेशी डिजिटल कंपनियां भारत के ऑफिस को मार्केटिंग ऑफिस कहते हुए हेड ऑफिस को चीन, अमेरिका या यूरोप में दिखलाती हैं. ऐसा कर इन कंपनियों ने खरबों डॉलर की टैक्स चोरी की है. इन कंपनियों के औपनिवेशिक मंसूबों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारक केएन गोविंदाचार्य ने एक दशक पहले ही भांप लिया था. उन्होंने इस संबंध में जून, 2012 में दिल्ली हाइकोर्ट में याचिका दायर की थी. उस मामले में हाइकोर्ट ने अनेक महत्वपूर्ण आदेश पारित किये, जिनके पांच बिंदुओं के अनुसार नये आइटी नियमों पर केंद्र सरकार दृढ़ता से अमल करे, तो भारत को डिजिटल उपनिवेशवाद के कुचक्र से मुक्ति मिल जायेगी. पहला, नये आइटी नियमों से पहले इंटरमीडियरी कंपनियों के लिए यूपीए सरकार ने 2011 में नियम बनाये थे. गोविंदाचार्य की याचिका के बाद इन्हें लागू करने की पहल हुई. अगस्त, 2013 में हाइकोर्ट के आदेश के बाद ये कंपनियां पहली बार भारतीय कानून के दायरे में आयीं और इन्हें शिकायत अधिकारी की नियुक्ति करनी पड़ी, लेकिन इन लोगों ने भारतीय कानून की मनमानी व्याख्या करते हुए शिकायत अधिकारियों को अमेरिका और यूरोप में नियुक्त कर दिया. तत्कालीन यूपीए सरकार ने भी इन कंपनियों के पक्ष में हलफनामा देते हुए इसे स्वीकार कर लिया. सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एनडीए सरकार को नये नियम बनाने पड़े, जिसके तहत सभी कंपनियों को अब भारत में ही शिकायत अधिकारी नियुक्त करना है. दूसरा, पब्लिक रिकॉर्ड्स कानून के अनुसार सरकारी डाटा और फाइलों को विदेश भेजनेवाले सरकारी अधिकारियों को तीन साल तक की सजा हो सकती है. कोर्ट के आदेश के बावजूद करोड़ों अधिकारी फेसबुक, व्हाट्सएप, जीमेल जैसी विदेशी कंपनियों की सेवाओं का धड़ल्ले से गैर कानूनी इस्तेमाल कर रहे हैं. सरकार अपने सभी अधिकारियों को स्वदेशी डिजिटल विकल्प दे, तो विदेशी कंपनियों की धमकियों और नागपाश से भारत को मुक्ति मिलेगी।

## आज का राशिफल

मेष :– किसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी में ब्यस्तता से मन बोझिल होगा। निराशा त्याग मन को आशावादी विचारों से सिंचित करें। किसी महत्वपूर्ण क्षेत्र में सगे–संबंधियों का लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कार्य क्षमता का लाभ मिलेगा।

बृषभ :– भौतिक आकांक्षाएं बलवती होंगी। राजनीति से जुड़े लोगों की क्रियाशीलता बढ़ेगी। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें। खराब संगत से दूरी बनाकर रखें। शिक्षा में परिश्रम तीव्र होगा।

मिथुन :– महत्वपूर्ण घरेलू दायित्वों की पूर्ति हेतु मन में चिंता संभव। कायरे की अत्याधिक व्यस्तता से मन बोझिल होगा। पारंपरिक कायरें में व्यस्तता बढ़ेगी। जीवन साथी से भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

कर्क :– क्रोध व शंकाए छोड़ संबंधों में प्यार बिखेरेंगे। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। क्षमता से अधिक व्यय भविष्य के लिए चिंता उत्पन्न करेगा। किसी नये कार्य की ओर मन केंद्रित होगा। घर में खुशहाल स्थिति रहेगी।

सिंह :– जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे। पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय लेकता है। जीवन साथी के साथ मधुरता बनायें।

कन्या :– किसी महत्वपूर्ण कार्य में धनाभाव अवरोधक होगा किंतु प्रियजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। अच्छी आशाएं आप में क्रियाशीलता बढाएंगी। परिवार में सुखद माहौल बनेगा। जरूरी कायरे को समय से करें।

तुला :– हर समय स्वयं को लाचार बनाये रखना अच्छा नहीं है। समय का पूर्ण उपयोग करें और स्वयं को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

वृश्चिक :– शासन–सत्ता के सहयोग से कार्यक्षेत्र के अवरोध समाप्त होंगे। तामसी व गैर सांस्कारिक कायरे की ओर आकर्षित मन पर अंकुश लगाने का प्रयास करें। जरूरी कायरे को समय से पूर्ण करने का प्रयास करें।

धनु :– कोई नई योजना उत्साहित करेगी। भौतिक जगत की चकाचौंध प्रभावित होंगे। रोजगार से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी। व्यवहारकुशलता द्वारा मान–मर्यादा बढ़ेगी।

मकर :– कुछ बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग सगे–संबंधियों में कटुता ला सकता है। नैतिक जिम्मेदारियों में सजगता काबिले तारीफ होगी। पूर्वाग्रहवश मन में संबंधों के प्रति नकारात्मकता को कतई न पाले।

कुंभ :– अपनी दिनर्चया को सुधार समय का पूर्ण उपयोग करें। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन में चिंता होगी। पारिवारिक जरूरतों की पूर्ति हेतु साधनाभाववश मन चिंतित होगा। मधुर वाणी से संबंधों में प्रभावशाली होंगे।

मीन :– भौतिक सुख–साधनों की ओर मन आकर्षित होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे।

# मीडिया की अहमियत और सवाल

**आशुतोष चतुर्वेदी**

*यह साप्ताहिक समाचार पत्र हर मंगलवार को पाठकों तक पहुंचता था. वैसे तो जुगल किशोर शुक्ल पेशे से वकील थे और कानपुर के रहनेवाले थे, पर उनका कार्यक्षेत्र कोलकाता था. वे खुद 'उदंड मार्तंड' के संपादक और प्रकाशक थे. विपरीत परिस्थितियों में उन्होंने इसका प्रकाशन प्रारंभ किया और आर्थिक कठिनाइयों के कारण अखबार ज्यादा दिनों तक प्रकाशित नहीं हो पाया. उस समय औपनिवेशिक दौर था और भारत पर ब्रिटिश शासन था. सत्ता का केंद्र कोलकाता था और उस दौर में भारतवासियों के हित बात करना बहुत बड़ी चुनौती था. अंग्रेजी शासकों की भाषा था, उसके बाद बांग्ला और उर्दू का प्रभाव था. उस दौर में कोलकाता से अंग्रेजी और बांग्ला कई समाचार पत्र प्रकाशित होते थे।*

एक दिन पहले ही हिंदी पत्रकारिता दिवस बीता है. 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है. पं जुगल किशोर शुक्ल ने 30 मई, 1826 को पहले हिंदी समाचार पत्र 'उदंत मार्तंड' का प्रकाशन प्रारंभ किया था. देश में हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत इस पत्र से ही मानी जाती है. यह साप्ताहिक समाचार पत्र हर मंगलवार को पाठकों तक पहुंचता था. वैसे तो जुगल किशोर शुक्ल पेशे से वकील थे और कानपुर के रहनेवाले थे, पर उनका कार्यक्षेत्र कोलकाता था. वे खुद 'उदंड मार्तंड' के संपादक और प्रकाशक थे. विपरीत परिस्थितियों में उन्होंने इसका प्रकाशन प्रारंभ किया और आर्थिक कठिनाइयों के कारण अखबार ज्यादा दिनों तक प्रकाशित नहीं हो पाया. उस समय औपनिवेशिक दौर था और भारत पर ब्रिटिश शासन था. सत्ता का केंद्र कोलकाता था और उस दौर में भारतवासियों के हित बात करना बहुत बड़ी चुनौती था. अंग्रेजी शासकों की भाषा था, उसके बाद बांग्ला और उर्दू का प्रभाव था. उस दौर में कोलकाता से अंग्रेजी और बांग्ला कई समाचार पत्र प्रकाशित होते थे. लेकिन हिंदी भाषा का एक भी अखबार नहीं था. इस साप्ताहिक समाचार पत्र के पहले अंक की 500 प्रतियां छपी. हिंदी भाषी पाठकों की कमी की वजह से उसे ज्यादा पाठक नहीं मिल सके. हिंदी भाषी राज्यों से दूर होने के कारण उन्हें समाचार पत्र डाक द्वारा भेजना भी पड़ता था. डाक दर बहुत ज्यादा थी, इसलिए यह आर्थिक रूप से महंगा सौदा हो गया था. जुगल किशोर ने सरकार से बहुत अनुरोध किया कि वे कुछ रियायत दे दें, जिससे हिंदी भाषी प्रदेशों में पाठकों तक समाचार पत्र भेजा जा सके. लेकिन ब्रिटिश हुकूमत इसके लिए तैयार नहीं हुई और डेढ़ साल में यह समाचार पत्र बंद हो गया. लेकिन अपने साहसिक प्रयास के लिए जुगल किशोर शुक्ल आज भी याद किये जाते हैं. आज हिंदी पत्रकारिता ने एक लंबा सफर तय कर लिया है. साक्षरता भी बढ़ी है और राजनीतिक चेतना भी. नतीजतन, पाठकों की संख्या में खासी बढ़ोतरी हुई है. स्थानीय



संस्करणों ने ग्रामीण इलाकों में अखबारों की पैठ बढ़ा दी है. साल 2019 के इंडियन रीडरशिप सर्वे के अनुसार सबसे ज्यादा पढ़े जानेवाले पहले 10 समाचार पत्रों में हिंदी अखबारों का बोलबाला है. उसमें केवल एक अंग्रेजी अखबार जगह बना पाया है. आज हिंदी के अखबार तो हैं ही, साथ ही टीवी और सोशल मीडिया भी प्रभावी माध्यम बनकर उभरे हैं. लेकिन सोशल मीडिया की भूमिका को लेकर अक्सर सवाल उठ रहे हैं. हाल में सोशल मीडिया और केंद्र सरकार आमने–सामने नजर आये. तीन महीने पहले जारी हुए निर्देशों के मुताबिक सभी सोशल मीडिया कंपनियों को किसी पोस्ट के लिए शिकायत मिलने पर उसे संज्ञान लेना आवश्यक हो गया है. इसके तहत कंपनियों को तीन अधिकारियों को नियुक्त करना है, जो भारत में ही रह रहे हों. साथ ही, इनका फोन नंबर सोशल मीडिया वेबसाइट और ऐप पर होना अनिवार्य है ताकि लोग शिकायत कर सकें. फैसला लेने के लिए 15 दिनों की समय–सीमा भी तय की गयी है. अगर कोई फेक न्यूज वायरल हो रही है, तो सरकार कंपनी से पूछ सकती है कि इसे सबसे पहले किसने साझा किया था. सरकार और कंपनियों के बीच इसी नियम को लेकर विवाद है. व्हाट्सएप का कहना है कि यह नियम लोगों के निजता के अधिकार को कमजोर करेगा. व्हाट्सएप ने तो इन नियमों को असंवैधानिक करार देते हुए भारत सरकार के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका भी दायर की है. उसका कहना है कि नये नियमों से उपयोगकर्ता की निजता प्रभावित होगी. दूसरी ओर सरकार ने कहा है कि वह निजता के अधिकार का सम्मान करती है और ये नियम निजता के खिलाफ नहीं है. सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि देश की संप्रभुता, सार्वजनिक व्यवस्था और सुरक्षा से जुड़े बेहद गंभीर अपराध वाले संदेशों को रोकने या उसकी जांच के लिए जानकारी मांगना कहीं से भी निजता का हनन नहीं है. दरअसल, सोशल मीडिया दोधारी तलवार है. इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि यह अभिव्यक्ति के एक असरदार माध्यम के रूप में उभरा है. राजनीतिक, सामाजिक संगठन और आम जन इसका भरपूर लाभ उठा रहे हैं. लेकिन सोशल मीडिया के दुरुपयोग के भी अनेक मामले सामने आये हैं. इसके जरिये समाज में भ्रम व तनाव फैलाने की कोशिशें हुई हैं. मौजूदा कोरोना संकट के दौर में भी सोशल मीडिया पर महामारी को लेकर फेक वीडियो व खबरें बड़ी संख्या में चल रही हैं. हम सबके पास सोशल मीडिया से कोरोना के बारे में रोजाना अनगिनत समाचार और वीडियो आते हैं. कभी फेक न्यूज में कोरोना की दवा निकल जाने का दावा किया जाता है, तो कभी वैक्सीन के बारे में भ्रामक सूचना फैलायी जाती है. इन्हें तथ्यों के आवरण में ऐसे लपेटकर पेश किया जाता है कि सामान्य व्यक्ति उस पर भरोसा कर ले और और उसे पता ही नहीं चले कि वह कब फेक न्यूज का शिकार हो गया. सूचना के एक अन्य सशक्त माध्यम टीवी को देखें, तो पायेंगे कि टीवी चौनल खबरों के बजाय बेवजह की बहस आयोजित करने पर ज्यादा जोर देते नजर आते हैं. स्थिति यह है कि टीवी की गंभीरता पर सवाल उठने लगे हैं. पिछले दिनों किस चौनल को कितने लोग देख रहे हैं, इसको लेकर भी विवाद हुआ था. मुंबई पुलिस के अनुसार टेलीविजन रेटिंग एजेंसी के कुछ अधिकारियों ने एक चौनल से पैसे लेकर उसकी टीआरपी बढ़ाने का सौदा किया था. लोगों को अपने घरों में किसी विशेष चौनल को देखने के लिए हर महीने 400 से 500 रुपये दिये जाते थे ताकि चौनल की टीआरपी ज्यादा आए. दरअसल, टेलीविजन रेटिंग प्वाइंट (टीआरपी) एक प्रणाली है, जिससे यह आकलन लगाया जाता है कि कौन से कार्यक्रम या चौनल सबसे अधिक देखा जाता है. इसके आधार पर कंपनियां और विज्ञापन एजेंसियां यह तय करती हैं कि उनके विज्ञापन किस कार्यक्रम के दौरान अधिक देखे जा सकते हैं. जो कार्यक्रम या चौनल टीआरपी रेटिंग में सबसे आगे होता है, उसे अधिक विज्ञापन मिलता है यानी अधिक कमाई होती है. भारत में ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (बार्क) एकमात्र एजेंसी है, जो टेलीविजन रेटिंग मुहैया कराती है. बार्क ने यह काम एक अन्य एजेंसी को सौंप दिया है. अखबार आज भी सूचनाओं के सबसे विश्वसनीय स्रोत हैं. अखबार की खबरें काफी जांच–पड़ताल के बाद छापी जाती हैं और वे उनसे मुकर नहीं सकते हैं. यह कोई दबा–छुपा तथ्य नहीं है कि मीडिया को कई तरह के दबावों का सामना करना पड़ता है. बावजूद इसके आज भी अखबार खबरों के सबसे प्रामाणिक स्रोत हैं।

# सबसे अच्छा सबक विरोधी से ही मिलता है

**शकील अख्तर**

कांग्रेसी सीखने में बहुत कमजोर हैं। कहेंगे हमें क्या सीखना? सही भी है। इन्होंने अपनी नेता इन्दिरा गांधी से नहीं सीखा तो किसी दूसरे से क्या सीखेंगे! मगर इन सात सालों में सीखने को बहुत कुछ है। खासतौर से राहुल गांधी के लिए कि सरकार कैसे चलाई जाती है। सबसे आवश्यक सबक। राहुल को इन सात सालों के नोट्स लेकर रखना चाहिए। इस शीर्षक के साथ कि दम के साथ सरकार कैसे चलाएं!राहुल विपक्ष में बहुत दम से काम कर रहे हैं। खासतौर से इस कोरोना के समय जब सबने हथियार डाल दिए, केन्द्र सरकार ने भी, तब भी राहुल लगातार सक्रिय रहे। बोलते रहे। सरकार को चेतावनियां देते रहे। यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष बी.वी. श्रीनिवास के माध्यम से बड़े पैमानों पर लोगों की मदद करवाते रहे। खुद भी चुपचाप करते रहे। अपने लिए आए रेमडेसिवियर के इंजेक्शन खबर मिलने पर प्रियंका के माध्यम से किसी जरूरतमंद पत्रकार के परिवार को पहुंचा दिए। यह भी नहीं देखा, पूछा कि वह पत्रकार उनके या कांग्रेस के खिलाफ क्या लिखता है। खुद कोरोना से ग्रस्त थे। डॉक्टर ने इमरजेन्सी के लिए मंगवाकर रखवाए थे। मगर राहुल ने कहा कि अभी तो जरूरत नहीं है। जब होगी तब देखेंगे। सवा साल से यह कर रहे हैं। खासतौर से उस मीडिया की मदद जो उन्हें ही हर बात के लिए दोषी बताता है। यहां तक कि इस कोरोना से नहीं निपट पाने का दोष भी उन पर रखने में उसे कोई शर्म नहीं आती। राहुल न शिकायत करते हैं न अपने द्वारा की मदद किसी को बताते हैं। वह तो खुद मदद पाने वाला कह दे, जैसे अपनी पत्नी के लिए कहीं इंजेक्शन न पा पाने वाले उस बड़े और कई



पार्टियों के लिए काम कर चुके पत्रकार ने कह दिया। या जैसे एक वीडियो सामने आ गया था, जिसमें पत्रकार खुद बहुत टूटी अवस्था में अपने और परिवार का कोरोना से बुरा हाल बताते हुए अपने आंसू नहीं रोक पा रहा था। तब राहुल ने फौरन खुद फोन किया और इलाज की तथा दूसरी सारी व्यवस्थाएं करवाईं। तब पता चला। क्योंकि जब वीडियो देखकर चिंतित हुए दूसरे पत्रकार साथियों ने फोन किए, तब पता चला कि मदद हो गई है। राहुल ने इंतजाम करवा दिया है। यह सब ठीक है। उच्च मानवीय मूल्य हैं। जो राहुल के अपने गांधी नेहरु परिवार के संस्कारों से और कांग्रेस की पुरानी परंपराओं से मिले हैं। मगर मुख्य सवाल राजकाज करने का है। जब मौका मिले तो सरकार कैसे चलाना है? यूपीए की तरह मौका गंवाना नहीं है। यह मौका केवल अपने लिए या पार्टी के लिए नहीं होता मुख्यतरू तो जनता की जिन्दगी बदलने के लिए होता है। उसे शिक्षित करने, जागरूक करने के लिए होता है। जिसमें खासतौर से यूपीए के दस साल बुरी तरह विफल रहे। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की लाख कोशिशों के बावजूद कांग्रेस के मंत्रियों और उस दौरान रहे कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों ने कोई बड़ा प्रगतिशील, जनउपयोगी काम नहीं किया। खुद सोनिया को इस तरह की योजनाएं लागू करने के लिए अपने ही मंत्रियों के अड़ंगे सहने पड़े। किसानों की कर्ज माफी, मनरेगा, महिला बिल सब सोनिया की योजनाएं थीं। और यूपीए में बैठे कांग्रेस के मंत्रियों और संगठन के पदाधिकारियों का काम था इन योजनाओं के खिलाफ अफवाहों को बल देना। विपक्ष तो संभल कर बोलता था कि लाभान्वित होने वालों में गलत मैसेज न जाए। मगर कांग्रेस के यथास्थितिवादी और प्रतिक्रियावादी नेताओं को किस का डर था? सोनिया ने बोला था, महिला बिल पर कि मुझे मालूम है मेरी पार्टी के कई लोग ही विरोधी हैं। कांग्रेस इन दस सालों में बहुत काम कर सकती थी। मगर कांग्रेस के नेताओं को बुनियादी कामों में कोई रुचि नहीं थी। सोनिया ने दस साल में दस से ज्यादा बार कहा होगा कि मंत्री और पार्टी के पदाधिकारी लोगों के पास जाएं, उनकी समस्याएं जानें, उनसे पूछ कर उनके लिए योजनाएं बनाएं। कार्यकर्ताओं से मिलें, उनसे फीडबैक लें। मगर क्या मजाल कि किसी ने सुना हो। हां, प्रणव मुखर्जी राष्ट्रपति का कार्यकाल खत्म होते ही नागपुर संघ मुख्यालय जरूर पहुंच गए थे। राहुल को इन सब चीजों का थोड़ा अध्ययन करना होगा। 2004 से पहले का भी कि कैसे कांग्रेसी निराश थे। मगर सोनिया गांधी गांव–गांव घूमीं। अनथक मेहनत की। किसी को यकीन नहीं था। न वाजपेयी को अपनी हार का न कांग्रेसियों को अपनी जीत का। मगर सोनिया ने पासा पलट दिया। सरकार लाकर कांग्रेसियों के हाथ में रख दी। सब हतप्रभ थे। उस दौर की बातें राहुल को काफी याद होंगी मगर कभी भाजपा के नेताओं से बात हो तो उनसे पूछना चाहिए। प्रमोद महाजन, अरुण जेटली, सुषमा स्वराज तो रहे नहीं मगर अभी भी कई भाजपा नेता हैं जो व्यक्किगत बातचीत में दिल खोलकर बात करते हैं। वे राहुल को उनकी मां सोनिया गांधी की कड़ी मेहनत के बारे उसी तरह बताएंगे, जैसे वाजपेयी ने लोकसभा में इन्दिरा जी को उनके बेटे संजय गांधी के बारे बताया था। 1980 का चुनाव भारी बहुमत से जीतने के बाद लोकसभा में संजय गांधी का पहला भाषण था। युवा संजय ने जनता पार्टी के बखिए उधेड़ दिए। सामने विपक्ष की बैंच पर बैठे वाजपेयी जी को भी नहीं बख्शा। कड़े हमले किए। वाजपेयी जवाब देने खड़े हुए। सबकी आंखें उन पर जम गईं। वाजपेयी की भाषण कला को कौन नहीं जानता था। वाजपेयीजी ने प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की तरफ देखा। कहा बधाई हो। इस युवा को सबसे ज्यादा जिसकी मेहनत से आप आज फिर प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठी हैं। सदन टेबल थपथपाने की जोरदार आवाजों से गूंज गया। राहुल को उसी तरह शायद कोई बताए कि 2004 की जीत का सारा श्रेय उनकी मां सोनिया गांधी को है। जिसे बाद में कांग्रेसियों ने गंवा दिया। और कुछ हद तक इसमें राहुल का अनिश्चय भी जिम्मेदार है। राहुल ने 2004 में सांसद बनने के बाद महासचिव बनने में बहुत समय लिया। फिर अध्यक्ष बनने में और ज्यादा। मगर अध्यक्ष पद छोड़ने में बिल्कुल नहीं। राजनीति इतनी अनिश्चितता के साथ नहीं की जा सकती। कप्तानी तो बिल्कुल नहीं। और राहुल को यह बात समझना चाहिए की टीम में उनका रोल कप्तान का है। अब उन्हें स्पष्ट करना चाहिए कि वे अध्यक्ष बनेंगे। मीडिया और भाजपा बार–बार यह सवाल उठाता है कि मोदी का विकल्प क्या। इस सवाल में वह अप्रत्यक्ष रूप से यह मानता है कि विकल्प हो तो सोचा जा सकता है। यहां कांग्रेस को जोर देकर कहना चाहिए। राहुल गांधी। यह सही है कि एक बार फिर राहुल के खिलाफ चरित्रहनन अभियान पूरी तेजी से शुरू हो जाएगा। मगर वैसे भी कौन सा रुका हुआ है, या कम है। राहुल को कमान अपने हाथ में लेना होगी। और सीखना यह होगा कि पार्टी या सरकार मजबूती से ही चलती है। चाहे वे इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी के इन सात सालों को देख सकते हैं या अपनी दादी इन्दिरा गांधी के कड़े फैसलों के बारे में पढ़ और उस समय के बचे कुछ लोगों से जान सकते हैं। मोदी के फैसले से असहमत होना और विरोध करना अलग बात है, मगर राहुल को देखना यह चाहिए कि उन्होंने जो चाहा वह किया। जाहिर है कि राहुल बिल्कुल अलग चीजें चाहेंगे। मगर जो भी चाहें, उन्हें कड़ाई से लागू करना होगा। पार्टी के अंदर और बाहर के विरोधियों की तरफ से उसी तरह बेपरवाह रहते हुए जैसे इन्दिरा गांधी रहती थीं और मोदी रह रहे हैं। सोनिया अन्ना और रामदेव के आंदोलनों की हकीकत जानती थीं। मगर चंद कांग्रेसियों ने ही उन्हें कुछ करने नहीं दिया। डरा कर रखा। हिम्मत से मजबूत फैसला नहीं लेने दिया।

# इंडस्ट्री में आम धारणा है, सुंदर लड़कियां अभिनय नहीं कर सकती: जरीन खान



जरीन खान को याद है कि वह जिस तरह दिखती हैं, उसके लिए उन्हें एक फिल्म से रिजेक्ट कर दिया गया था। बॉलीवुड अभिनेत्री का कहना है कि उन्हें उद्योग की धारणा के बारे में स्पष्ट रूप से बताया गया था कि सुंदर लड़कियां अभिनय नहीं कर सकतीं। जरीन ने बताया, यह सिर्फ मैं ही नहीं, जिसे टाइपकास्ट किया गया है। मुझे लगता है कि इस उद्योग में हर व्यक्ति टाइपकास्ट हो जाता है। जब मैं वीर के साथ बाहर आई तो मुझे एक सुंदर लड़की, एक लड़की के रूप में टाइपकास्ट किया गया–बस तुलना और सब कुछ। इसलिए, मुझे सही मौके नहीं मिले। (वास्तव में) उसके बाद बिल्कुल भी मौका नहीं मिला। (मुझे बुलाया गया) मोटा, और यह और वह है बस। उन्होंने याद किया कि सलमान खान अभिनीत फिल्म रेडी में उनके डांस नंबर कैरेक्टर ढीला ने धारणाओं को बदलने में कुछ हद तक मदद की। लोग ऐसे थे, वह ऐसी भी दिख सकती है। उसने अपना वजन कम किया है, अच्छा। फिर हेट स्टोरी आई और लोगों ने कहा कि वह बहुत हॉट है। फिर भी, जरीन को तब अस्वीकार कर दिया गया जब उसने ऐसी भूमिकाओं की तलाश की, जो उसे चित्रित करने के लिए कुछ सार्थक दे। उन्होंने कहा, उसके बाद जब मैंने लोगों से इतनी हॉट भूमिकाओं या मिलने की कोशिश की, जिसके लिए मुझे कुछ सार्थक या गंभीर भूमिका निभाने को मिल सकें, तो मुझे अस्वीकार कर दिया गया और मुझे हमारे उद्योग में बताया गया कि यह एक धारणा है कि सुंदर लड़कियां अभिनय नहीं कर सकतीं हैं। उन्होंने कहा, इसका क्या मतलब है? अगर आप मुझे सुंदर मानते हैं तो आप मुझे मौका नहीं देंगे यह कितना अनुचित है। 34 वर्षीय ने ग्लैमरस होने से जुड़ी सभी चीजों से ब्रेक ले लिया। उन्होंने जोर दिया कि मैं हकीकत में लोगों के लिए एक ग्लैमरस चेहरे से ज्यादा मुझे देखने के लिए सचेत कोशिश करना चाहती हूं। मैं चाहती हूं कि वे मेरी क्षमता देखें, श्रेय दें, मुझे मेरी क्षमता के लिए दें और मुझे मौका दें। किसी और चीज से ज्यादा, देने के लिए मुझे यह दिखाने का मौका मिले कि मैं सिर्फ हॉट दिखने और सुंदर होने के बारे में नहीं हूं। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि मैंने थोड़ा ब्रेक लिया। मैं बहुत सारी स्क्रिप्ट पढ़ रही थी और मैं कुछ ऐसा करना चाहती थी जो मुझे ग्लैमरस छवि से दूर कर दे, जिससे लोग मेरे बारे में उस छवि को बदल सकें। अपनी नई रिलीज हम भी अकेले तुम भी अकेले में जरीन ने एक ऐसे चरित्र को चित्रित किया है जो अपने एक दशक से ज्यादा के करियर में कभी नहीं किया है। फिल्म में वह एक लेस्बियन का किरदार निभा रही हैं, जो कुछ समय पहले डिजिटल रूप से रिलीज हुई थी।

## मोना सिंह पांच साल बाद शो होस्ट करती आएंगी नजर

टीवी के फेमस शो श्जस्सी जैसी कोई नहींय की जस्सी उर्फ मोना सिंह को लोग काफी दिनों से मिस कर रहे हैं. जस्सी के रोल में शानदार एक्टिंग की वजह से मोना सिंह घर–घर में फेमस हो गईं. इस शो के बाद मोना सिंह ने कई शोज में काम किया. बॉलीवुड की कई फिल्मों में भी उन्हें काम मिला लेकिन अचानक ही पर्दे से दूर हो गईं. खबरों की मानें तो जल्द ही मोना सिंह एक क्राइम शो होस्ट करते नजर आने वाली हैं. श्कॉमेडी नाइट्स बचाओय के करीब 5 साल बाद मोना सिंह छोटे पर्दे पर वापसी कर रही हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो क्राइम शो श्मौका–ए–वारदात 2य को होस्ट करने वाली हैं. मोना की पर्सनैलिटी भी ऐसे शो के लिए सूटेबल है. खबर है कि शो में मोना के साथ एक्टर रवि किशन भी नजर आएंगे. मोना के लिए इस तरह के शो होस्ट करने का यह पहला मौका है. इसलिए वह खासा एक्साइटेड भी हैं. हालांकि वे क्राइम शो सीआईडी में काम कर चुकी हैं. मोना सिंह ने बताया कि श्मैं मौका–ए–वारदात 2य शो के लिए काम करने वाली हूं. क्राइम मेरा पसंदीदा टॉपिक रहा है, इसलिए इस शो को लेकर मैं बेहद एक्साइटेड भी हूं. इस फिल्म की शूटिंग की जगह, क्रू के साथ–साथ शूटिंग से संबंधित सभी चीजों पर काम चल रहा है. जल्द ही सारी तैयारी के साथ शूटिंग शुरू हो जाएगीय. बता दें कि मोना सिंह ने श्जस्सी जैसी कोई नहींय, श्झलक दिखला जाय, श्राधा की बेटियां कुछ कर दिखाएंगीय, श्कॉमेडी नाइट्स बचाओय जैसे शो में अपना दमखम दिखाया है. इसके अलावा सुपरहिट फिल्म श्थ्री ईडियट्सय का भी हिस्सा रहीं. इसके अलावा वे श्जेड प्लसय में काम कर चुकी हैं. बता दें कि मौका–ए–वारदातय के पहले सीजन में सपना चौधरी, मनोज तिवारी और रवि किशन भी नजर आ चुके हैं.



## टाइगर 3 में पाकिस्तानी एजेंट की भूमिका में नजर आएंगे इमरान हाशमी...



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान लोकप्रियता के मामले में काफी आगे नजर आते हैं। सलमान अपने स्टाइल और लुक की वजह से लाइम लाइट में बने रहते हैं। इस साल वह अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म टाइगर 3 को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। अब जानकरी सामने आ रही है कि सलमान की इस फिल्म में इमरान हाशमी एक पाकिस्तानी एजेंट के किरदार में नजर आ सकते हैं। इमरान फिल्म में सलमान के साथ कड़ा मुकाबला करते हुए नजर आएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान सलमान की टाइगर 3 में एक पाकिस्तानी एजेंट की भूमिका में नजर आएंगे। एक सूत्र ने कहा, इमरान इस फिल्म में पाकिस्तानी एजेंट का किरदार निभाएंगे। सलमान द्वारा निभाए गए रॉ एजेंट के किरदार के विपरीत इमरान भी खुफिया एजेंट की भूमिका में दिखेंगे। यह निश्चित रूप से टाइगर वर्सेज टाइगर की लड़ाई होगी। इमरान का कैरेक्टर काफी स्मार्ट होगा और उनका लुक अभी तक के निभाए किरदार से अलग होगा। फिल्म टाइगर 3 में इमरान के पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट के किरदार का नाम भी टाइगर होगा। इस किरदार के हिसाब से खुद को ढालने के लिए इमरान को अपनी शारीरिक संरचना में बदलाव लाना होगा। खबरों की मानें तो इमरान इस फिल्म में सिक्स पैक एब्स में नजर आ सकते हैं। सलमान के साथ उनका फिल्म में शर्टलेस फाइट सीक्वेंस है। फिल्म की कहानी रूस, ऑस्ट्रिया और फ्रांस ट्रैवल करती हुई दिखाई देगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग जून के मध्य में शुरू हो सकती है। बताया जा रहा है कि निर्माता आदित्य चोपड़ा ने पश्चिमी देशों के कुछ हिस्सों को शूटिंग के लिए बुक किया है। यूरोपीय देशों में फिल्म की शूटिंग के लिए एक मैराथन शेड्यूल तैयार किया गया है। इसके कुछ लोकेशंस पर पहले एक था टाइगर की शूटिंग की गई थी। रणवीर शौरी फिल्म के पहले भाग में नजर आए थे। वह टाइगर 3 से वापसी करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन मनीष शर्मा ने किया है। सलमान इस फिल्म में एक रॉ एजेंट अविनाश सिंह राठौर की भूमिका में दिखेंगे। कैटरीना को फिल्म में फिर से जोया की भूमिका में देखा जाएगा। एक बार फिर से प्रशंसकों को फिल्म में कैटरीना और सलमान की अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिल सकती है। टाइगर फ्रेंचाइजी की अन्य फिल्मों के अलावा इन दोनों हस्तियों को 2019 में रिलीज हुई फिल्म भारत में भी एक साथ देखा गया था। टाइगर फ्रेंचाइजी की बात करें तो फिल्म एक था टाइगर इसका पहला भाग था, जो 2012 में कबीर खान के निर्देशन में रिलीज हुआ था। फिल्म को दर्शकों ने काफी सराहा था और इसे बॉक्स ऑफिस पर बिजनेस के मामले में भी काफी सफलता मिली थी। इसकी फिल्म सीक्वल टाइगर जिंदा है 2017 में देशभर में रिलीज की गई थी। अली अब्बास जफर की इस फिल्म में कैटरीना, सलमान के साथ मुख्य भूमिका में दिखी थीं।

## बिकिनी में टाइगर की बहन कृष्णा श्रॉफ ने ढाया कहर



दिग्गज अभिनेता जैकी श्रॉफ की बेटी व अभिनेता टाइगर श्रॉफ की बहन कृष्णा श्रॉफ की सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है। कृष्णा अक्सर अपने फोटोज और वीडियोज को लेकर चर्चा में रहती हैं।



# कुछ दिन में हो जाएंगे फिट एण्ड फाइन, आम पन्ना एक नहीं कई बामारियों की जड़

कच्चे आम से बनने वाला आम पन्ना गर्मियों में खूब मजे से पिया जाता है। यह ना सिर्फ गर्मी से राहत देता है बल्कि कोरोना काल में इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए बेहतरीन ड्रिंक है। आयुर्वेद में भी आम पन्ना को कई बीमारियों की जड़ माना गया है। इसमें कार्बोहाइड्रेट्स, विटामिन ए, बी–1 और बी–2, आयरन, पोटेशियम, मैग्नीशियम, फोलेट, कॉलिन जैसे तत्व होते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद है। चलिए आपको बताते हैं कि आम पन्ना पीने से सेहत को क्या–क्या फायदे हो सकते हैं।

आम पन्ना बनाने की रेसिपी

सामग्रीः

जीरा पाउडर – 1 टीस्पून

कच्चा आम – 250 ग्राम

काला नमक –½ टीस्पून

चीनी – 1 कप

नमक – स्वाद अनुसार

बनाने की विधि–

इसके लिए कच्चे आम को 3–4 सीटी में पकाकर छिलके निकाल लें। फिर आम के टुकड़े को बाकी सारी सामग्री के साथ मिलाकर ब्लैंड कर लें। अब इसे फ्रिज में ठंडा होने के लिए रख दें। लीजिए आपका आम पन्ना तैयार है। इसे ठंडा–ठंडा पीएं।

ध्यान रखें कि इसमें ज्यादा बर्फ डालकर ना पीएं क्योंकि कोरोना काल में यह हानिकारक हो सकता है। इससे गला भी खराब हो सकता है।

कोरोना संक्रमण से बचाव

विटामिन–सी और एंटीऑक्सिडेंट्स से भरपूर आम पन्ना इम्यूनिटी बढ़ाता है जिससे ना सिर्फ कोरोना बल्कि कई तरह की बीमारियों से लड़ने में शरीर को ताकत मिलती है।

लू से बचाव

गर्मियों में लू से बचना है तो रोजाना कम से कम 1 गिलास आम पन्ना का सेवन जरूर करें। यह शरीर को अंदर से ठंडक देता है और जिससे आप लू व डीहाइड्रेशन की समस्या से बचे रहते हैं।

आंखों की रोशनी बढ़ाए

आम पन्ना में विटामिन –ए भरपूर होता है, जो आंखों की रोशनी बढ़ाने में मदद करता है। साथ ही इससे मोतियाबिंद जैसी बीमारियों से भी बचाव होता है।

एनीमिया दूर करे

अगर शरीर में खून की कमी है तो इसका सेवन आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। इसमें आयरन होता है जो शरीर के लिए एक टॉनिक की तरह काम करता है। इससे शरीर में खून की कमी नहीं होती।

प्रेगनेंसी में फायदेमंद

आम पन्ना में फोलेट होता है जो गर्भवती महिलाओं के लिए बहुत फायदेमंद है। यह भ्रूण के विकास में भी मदद करता है और महिलाओं को स्ट्रेस से भी बचाता है।

एसिडिटी में फायदेमंद

यह पाचन क्रिया को दुरुस्त रखता है, जिससे ना सिर्फ एसिडिटी बल्कि कब्ज जैसी दिक्कत भी नहीं होती। अगर भूख नहीं लगती तो उसमें भी इसका सेवन फायदेमंद साबित हो सकता है।

वजन घटाएं

आम पन्ना में फैटी बिल्कुल ना के बराबर होता है। साथ ही इसमें शुगर भी कम मात्रा में होती है। ऐसे में वजन घटाने की सोच रहे हैं तो इसे बेफ्रिक होकर डाइट में शामिल कर सकते हैं।

होते हैं नुकसान भी...

इसमें कैलोरी काफी मात्रा में होती है जो डायबिटीज मरीजों के लिए सही नहीं। इसके अलावा कुछ लोगों को इससे एलर्जी भी हो सकती है।







# लॉकडाउन के बाद शिमला घूमने का है प्लान तो ये 4 जगहें जरूर देखकर आए



लॉकडाउन के कारण हर किसी को घर में कैद महसूस हो रहा है। ऐसे में हर कोई कोरोना से छुटकारा पाने व लॉकडाउन खुलने का इंतजार कर रहा है। वहीं घर पर बैठे–बैठे लोग बोर हो रहे हैं या तो तनाव महसूस कर रहे हैं। वहीं कई लोग लॉकडाउन के बाद पार्टनर व फैमिली के साथ कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं। बात घूमने की आने पर हर किसी में सबसे पहले शिमला का नाम आता है। ऐसे में अगर आप भी लॉकडाउन के बाद शिमला घूमने की सोच रहे हैं तो चलिए आज हम आपको शिमला की 4 बेस्ट जगहों के बारे में बताते हैं। ताकि आप अच्छे से अपने ट्रिप को एन्जॉय कर पाएं।

क्राइस्ट चर्च, मॉल रोड

कहते हैं कि शिमला जाने पर सबसे पहले क्राइस्ट चर्च घूमने जाना चाहिए। यह मॉल रोड पर स्थित है। आप यहां के खूबसूरत वातावरण में अंदर से खुशी महसूस करेंगे। पार्टनर के साथ घूमने के लिए यह जगह एकदम परफेक्ट मानी गई है। आप यहां पर घुड़सवारी व प्राकृतिक खूबसूरत नजारों का आनंद लेते हुए फोटो क्लिक करवा सकते हैं। इसके अलावा मॉल रोड से खरीदारी भी कर सकते हैं।

जाखू मंदिर

आप शिमला के प्रसिद्ध जाखू मंदिर में भी घूमने जा सकते हैं। मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति करीब 108 फीट ऊंची है। ऐसे में संकटमोचन की यह प्रतिमा आस्था के साथ लोगों के आकर्षण का केंद्र मुख्य है। मगर बता दें, इस जगह पर आपको भारी गिनती में बंदर मिलेंगे। ऐसे में यहां जाने से पहले अपना मोबाइल, बैग व अन्य सामान को संभाल लें। नहीं तो हो सकता है कि वे आपसे ये सब कुछ छीन लें।

कुफरी

कुफरी शिमला से करीब 15 किमी की दूरी पर है। यह एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। कुफरी में आप घुड़सवारी का मजा ले सकती है। इसके अलावा यहां पर जिप लाइन, शूटिंग, याक पर फोटो खिंचवाने आदि चीजें करके अपना स्ट्रेस दूर कर सकते हैं। आप यहां के मशहूर सेब के बागान भी देखने का मजा उठा सकते हैं। कुफरी में आप प्राकृतिक नजारों का आनंद लेते हुए अपने ट्रिप को एन्जॉय कर सकते हैं।

नारकंडा

नारंखा हिमाचल की गोद में बसा एक खूबसूरत व छोटा सा शहर है। यह शिमला से करीब 60 किमी. की दूरी पर स्थित है। यहां पर आप अपनी कार या टैक्सी करवाकर आसानी से पहुंच सकते हैं। नारकंडा बेहद ऊंचाई पर स्थित है। ऐसे में इस शहर पर भारी बर्फ होती है। ऐसे में एडवेंचर के शौकीन यहां पर स्केटिंग, जिप लाइन आदि चीजों का मजा ले सकते हैं। इसके अलावा रात को कैंपिंग के लिए भी यह शहर एकदम परफेक्ट है। आप पार्टनर के साथ अपनी छुट्टियां अच्छे से एन्जॉय कर सकते हैं।

# आम खाने के बाद कभी भी न खाएं ये फूडस, सेहत पर पड़ता है बुरा असर





गर्मी का सीजन शुरू होते ही आम का भी सीजन शुरू हो जाता है, फलों का राजा आम हर किसी का फेवरेट फ्रूट होता है। गर्मियों में यह फल हर घर में पाया जाता है। आम में फाइबर, विटामिनन्स और मिनरल्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद पॉलीफेनोल, ट्राइटरपीन, लुपियोल जैसे बॉडी इंफ्लामेशन को कम करता है और एंटीऑक्सीडेंट गुण शरीर को डीटॉक्स भी करता है, लेकिन वहीं आम खाने के बाद आपको कुछ बातों को ध्यान में रखना बहुत जरूरी है, क्योंकि आम के साथ कुछ चीजों का सेवन करने से आपके स्वास्थ्य को नुकसान हो सकता है– तो आईए जानते है इनके बारे में–

आम खाने के तुरंत बाद पानी न पीएं–

आम खाने के तुरंत बाद पानी नहीं पीना चाहिए। ऐसा करने से आपके डाइजेशन सिस्ष्टम खराब हो सकते हैं और पेट में दर्द, गैस की समस्या, एसिडिटी, ब्लोटिंग आदि से परेशानी हो सकती है।

आम खाने के बाद कड़वे भोजन का न करें सेवन–

आम खाने के बाद कभी भी करेला न खाएं क्योंकि यह स्वाद में कड़वा होता है और आम मीठा. ऐसे में आम खाने के ठीक बाद करेला खाते है तो आपको मतली, उल्टी और सांस लेने में परेशानी जैसी समस्याएं होने लगती हैं।

मसालेदार भोजन से परहेज करें–

आम खाने के बाद चटपटी मसालेदार चीजें न खाएं ऐसा खाने से आपके पेट में समस्या पैदा हो सकती है और उसका आपकी स्किन पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है, इसके अलाना चेहरे पर मुंहासे आदि भी इस वजह से हो सकते हैं।

कोल्ड ड्रिंक न पीएं–

आम खाने के तुरंत बाद कोल्ड्ड ड्रिंक बिल्कुल भी न पीएं, खासतौर पर जो डायबटीज पेशेंट हैं उनके लिए तो यह जहर की तरह काम करता है।

दही के साथ न खाएं आम–

कभी भी दही के साथ आम न खाएं क्योंकि ऐसा करने पर लोगों की तासीर शरीर में गर्मी और सर्दी पैदा कर सकती है जिसकी वजह से शरीर में टॉक्सिन्स पैदा हो सकते हैं और स्किन प्रॉब्लम हो सकती हैं।





# त्वचा और सेहत के लिए वरदान है तुलसी, जानिए कैसे?

हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे को पूजनीय माना जाता है। मान्यता है कि इसे घर पर लगाने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। वहीं इसमें एंटी–बैक्टीरियल, एंटी–वायरल व औषधीय गुण होने से सेहत और त्वचा के लिए भी वरदान स्वरूप मानी जाती है। इसके सेवन से पाचन दुरुस्त होने के साथ इम्यूनिटी बढ़ने में मदद मिलती है। इसके अलावा इससे तैयार फेसपैक लगाने से स्किन संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिलता है। तो आइए आज हम आपको इस आर्टिकल में तुलसी के सेहत व ब्यूटी से जुड़े कुछ खास फायदे बताते हैं....

दुरुस्त पाचन तंत्र

सुबह खाली पेट तुलसी के पत्तों का सेवन करना फायदेमंद होता है। एंटी–बैक्टीरियल, एंटी–वायरल आदि गुणों से भरपूर तुलसी की सेवन करने से पाचन शक्ति मजबूत होती है। ऐसे में पेट में दर्द, अपच, एसिडिटी, जलन व पेट संबंधी अन्य समस्याओं से आराम मिलता है।

इम्यूनिटी बढ़ाने में मददगार

एंटी–ऑक्सीडेंट्स व औषधीय गुणों से भरपूर तुलसी इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करती है। इसके सेवन से सर्दी, जुकाम आदि मौसमी बीमारियों से बचाव रहता है। आप इसका चाय या काढ़े के रुप में सेवन कर सकती है।

कान से मिलेगी राहत

कान दर्द की समस्या दूर करने में भी तुलसी कारगर मानी जाती है। इसके लिए तुलसी के रस की 4–4 बूंदें कान में डालें। कुछ दिनों तक लगातार इस उपाय को करने से से जल्द ही आराम मिलता है। इसके अलावा इसे तेल में मिालकर भी कान में डाल सकती है। इसके लिए पैन में 20 ग्राम तुलसी की पत्तियां और 50 ग्राम तिल का तेल मिलाकर धीमी आंच पर उबालें। तब तेल में तुलसी का रंग आ जाएं तो इसे आंच से उतार कर ठंडा करके इसकी 2–3 बूंदें कान में डालें। ऐसा कुछ दिन करने से कान दर्द से जल्द ही राहत मिलेगी।

दाग–धब्बे हटाने में कारगर

सेहत के साथ स्किन को निखारने में तुलसी बेहद कारगर मानी गई है। इसका फेसपैक बनाकर लगाने से स्किन संबंधी समस्याओं से आराम मिलता है। इसके लिए तुलसी के कुछ पत्तों को धोकर पीस लें। फिर इसमें नींबू के रस की कुछ बूंदें मिलाकर चेहरे व गर्दन पर लगाएं। 15–20 मिनट तक इसे लगा रहने दें। बाद में ताजे पानी से इसे धो लें। इससे चेहरे पर पड़े दाग–धब्बे, एक्ने, पिंपल्स, झाइयों व झुर्रियों की समस्या दूर होगी है। चेहरे की रंगत साफ होने से स्किन साफ, निखरी व जवां नजर आएगी।

रैशेज से दिलाए आराम

अक्सर तेज धूप के संपर्क में आने से स्किन पर रैशेज व टैनिंग की परेशानी हो जाती है। ऐसे में आप तुलसी का फेसपैक लगा सकती है। इसके लिए 4–5 तुलसी की पत्तियों को पीस लें। अब एक कटोरी में 1 छोटा चम्मच चावल का आटा, 1–1 छोटा चम्मच दही व नींबू का रस और तुलसी का पेस्ट मिलाएं। तैयार मिश्रण को चेहरे पर 15–20 मिनट तक लगाएं। बाद में इसे ताजे पानी से धोकर चेहरा सूखा लें। इससे स्किन गहराई से रिपेयर होगी। ऐसे में रूखी व बेजान त्वचा पोषित होगी। ऐसे में रैशेज, टैनिंग, जलन, खुजली आदि की परेशानी से आराम मिलेगा। साथ ही स्किन संबंधी अन्य समस्याएं दूर होकर चेहरा बेदाग और खिला–खिला नजर आएगा।

# भारतीय जनता पार्टी के सांसद ने गरीबों में बांटी राहत सामग्री

**– तमकुही राज में पूर्व ब्लाक प्रमुख गुड्डू राज विजय राय आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत**

अमिटरेखा – कृष्णा यादव

तमकुही राज – कुशीनगर। विधानसभा तमकुही राज अंतर्गत ग्राम सभा धूम पट्टी में मोदी



सरकार की 7 साल पूर्ण होने पर सेवा संगठन के तहत कार्यक्रम में ग्राम वासियों में राहत सामग्री मास्क सेंट्रलाइजर भोजन सामग्री आदि का भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वर्तमान देवरिया सांसद डॉक्टर रमापति राम त्रिपाठी ने वितरण किया इस अवसर पर भाजपा के नेता अजय तिवारी सहित पूरी ग्रामीण जनता उपस्थित रहे रास्ते में नगर पंचायत तमकुही राज में संसद का पूर्व ब्लाक प्रमुख वशिष्ठ राय उर्फ गुड्डू राय पूर्व प्रमुख विजय राय आदमी माल्यार्पण करके स्वागत किया।

# नारायणी नदी पर बने बन्धे बी गैप का निरीक्षण किए जिलाधिकारी

अमित रेखा ब्यूरो महराजगंज। जिलाधिकारी डा0 उज्ज्वल कुमार द्वारा सम्भावित बाढ से बचाव हेतु नारायणी नदी पर बने बन्धे बी गैप का निरीक्षण किया । पानी के बहाव को मोडने



के लिए सिमेन्ट व ककंडीट के बोल्डर कटरध्‌ स्पेयर 1 से 17 बने है ।वर्तमान पानी का कोई दबाव नही है पानी के मोड हेतु न0 6,7,8,9 एंव 12 व 13 तथा अन्तिम कटर 17 तक को देखा गया । पानी का दबाव 8,9 व 12 ,13 स्पेयरध्कटर अति महत्वपूर्ण है । बैराज पर पानी के नियंत्रण हेतु लगे फाटक की कन्ट्रोल हेतु कन्ट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया । जिसमें बताया गया कि कन्ट्रोल रूम एटोमैटिक है यही से सभी फाटको को नियंत्रित किया जाता है । जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता राजीव कपिल को निर्देशित किया कि बन्धे के बचाव में बने स्पेयरध्कटर की निगरानी बराबर करते रहे । जिससे किसी भी आकस्मिक बाढ व बन्धे को सुरक्षित रखा जा सके उक्त समय अधिशासी अभियन्ता राजीव कपिल,सम्बन्धित जे0ई0 व अवर अभियन्ता मौजूद रहे।

# हटा कोतवाली क्षेत्र के सुकरौली कस्बा मे किराने की दुकान मे भीषण चोरी

अमित रेखा – रमाशंकर सिंह

कुशीनगर। कुशीनगर जनपद के हाटा कोतवाली क्षेत्र के सुकरौली पुलिस चौकी अन्तर्गत नगर पंचायत सुकरौली के




सुकरौली बंचरा रोड स्थित एक किराने की दुकान मे भीषण चोरी का मामला प्रकाश आया है ।बताते चलें कि सुकरौली कस्बा मे स्थित एक किराने की दुकान से 37000 नकद रूपये सहित लाखो रूपये की सामान चोरी हुई है । सनद रहे कि हाटा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत बढया बुजुर्ग टोला बरैठा निवासी सुनील प्रसाद गुप्ता पुत्र अनिरूद्ध मध्देशिया की किराने की दुकान सुकरौली बंचरा नहर पर स्थित है । बीते 29 मई, दिन शनिवार की रात अज्ञात चोरो ने दुकान के पीछे छत के रास्ते दुकान के अन्दर घुस कर दुकान मे,रखा तीन फार्चून रिफाइंड तेल, 75 लीटर कडू तेल, सहित दुकान का अन्य सामानो के साथ गल्ले की बाक्स मे,रखा 37000 रूपये नकदी लेकर चलते बने । सनद रहे कि 30 मई, दिन रबिवार को सुबह दुकानदार सुनील प्रसाद गुप्ता जब दुकान का ताला खोल कर अपने दुकान के अन्दर प्रवेश किया तो उसका पैर जमीन से खिसक गयी ।उन्होंने देखा कि पूरी दुकान का सामन तितर बितर किया गया था साथ ही साथ गल्ले की बाक्स का,ताला टूटा हुआ था और उसमें रखा 37000नकदी रूपये भी गायब मिला ।दुकानदार ने इसकी सूचना तुरन्त मुकामी पुलिस को दिया ।सूचना मिलते ही सुकरौली पुलिस चौकी के प्रभारी घटना स्थल पर निरीक्षण किया तथा इसका पर्दाफाश करने का आश्वासन दिया ।इस सम्बन्ध में दुकानदार स्वामी सुनील प्रसाद गुप्ता ने इसकी लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है ।यह घटना पूरे हाटा कोतवाली क्षेत्र को झकझोर दिया है तथा रात्रि में ग्रामीणों की निन्द हराम हो गई है ।लोगों को दबी जुबान से कहना है कि हाटा कोतवाली अपराधियों की, शरण स्थली बनी हुई है ।अपराधियों के सामने हाटा पुलिस बौना साबित हो रही है । यह घटना, रात मे पुलिस गश्त की पोल खोल दिया है।

# रामकोला ब्लाक से,दिग्विजय सिंह को प्रमुख बनाने के,लिए सपा ने भरी हुंकार



अमित रेखा – रमाशंकर सिंह

कुशीनगर। कुशीनगर जनपद क्षेत्र में पंचायत चुनाव होने के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लाक प्रमुख पद पर दावेदार के,लिए सपा पार्टी के नेता दिन रात एक कर दिए हैं जबकि जिले के एक सपा ब्लाक प्रमुख के लिए सपा के पूर्व प्रदेश सचिव रब्बुदिन अंसारी और पूर्व जिला अध्यक्ष मुहम्मद इलियास अंसारी और समाजवादी समर्थक मोर्चा के जिला अध्यक्ष अकबर जमाल ने भी अपना भरपूर दम भर दिया है और डोर टू डोर मतदाताओं से सम्पर्क अन्य दलों के उम्मीदवारों कै अपनी ताकत का एहसास करा रहे हैं।बताते चलें कि रामकोला विकास खण्ड के सपा उम्मीदवार सपा के बरिष्ठ नेता एव पूर्व मंत्री राधेश्याम श्याम सिंह के पुत्र दिग्विजय सिंह के,लिए सपा के,लोगों ने रामकोला ब्लाक के क्षेत्रो मे दौरा कर दिग्विजय सिंह को प्रमुख बनाने के लिए कार्यकर्ताओं मे दम्भ भरा तथा सपा समर्थित प्रत्याशी दिग्विजय सिंह को जिताने के संकल्प लिया । सनद रहे कि रामकोला विकास खण्ड के प्रमुखी के लिए सपा उम्मीदवार को कब्जा दिलाने के लिए पूर्व से ही सपाई, दिन रात एक किये हुए हैं ।क्षेत्र भ्रमण के दौरान पूर्व विधायक कासिम अली, पूर्व विधायक आन्नद प्रकाश शर्मा, पूर्व विधायक पंडित नन्दकिशोर मिश्र, पूर्व विधायक विश्वनाथ सिंह, पूर्व युजन सभा के जिला अध्यक्ष रमेश यादव,,फिदौश अंसारी, महफूज अंसारी,,शाहजहाँ, फतेह आलम,,मुकेश, अली रजा, परवेज, प्रिंस, असलम सहित समाजवादी विचारधारा के लोग इनको जिताने के लिए अपना योगदान दें रहे है।

# डी सी मनरेगा की उपस्थिति में समीक्षा बैठक हुई संपन्न

अमित रेखा – नन्हे तिवारी

बघौचघाट–देवरिया। जनपद देवरिया के विकास खंड पथरदेवा के सभागार में डी सी मनरेगा की उपस्थिति में समीक्षा बैठक हुई।




जिसमें सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए वृक्षारोपण,मनरेगा,कोबिड पर चर्चा हुई ।बैठक में मुख्य रूप से खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार सिंह के साथ साथ समस्त रोजगार सेवक,तकनीकी सहायक,ग्राम सचिव, ए पी ओ भी मौजूद रहे ।ग्राम पंचायत अधिकारी सत्यप्रकाश राय,आफताब आलम,लल्लन प्रसाद,पंकज तिवारी,आशुतोष मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# जनपद के में निरन्तर हो रही सेनेटाइजेसन/स्वच्छता सम्बन्धी कार्य

अमित रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में युद्धस्तर पर सैनिटाइजेशन एवं स्वच्छता कार्यक्रम किया जा रहा है ।अभियान




के अंतर्गत नगर पालिकाध्नगर पंचायतों के वार्डो ध्ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सफाई, नाला–नाली सफाई, चूना छिड़काव, एंटीलार्वा स्प्रे का छिड़काव, सेनेटाइज कार्य कराए जा रहे है, तथा सांय कालीन पाली में फॉगिंग मशीन से फॉगिंग कराई जा रही सैनिटाइजेशन में लगे कर्मी तथा सफाई निरीक्षक अपने मय संसाधन के साथ मौजूद रहते हैं।

लॉकडाउन में वृहद सैनीटाइजेशन एवं स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। अभियान अन्तर्गत आज जनपद के नगरपालिका क्षेत्र हाटा, कुशीनगर, पड़रौना, व नगर पंचायत क्षेत्र खड्डा, दुदही, सेवरही, आदि क्षेत्रो में सैनीटाईजेशन कराया गया। अन्य क्षेत्रों में भी सफाई, सेनेटायजेसन का कार्य निरंतर जारी है।

# घर के सामने गंदगी फेंकने से एक परिवार के आधा दर्जन लोग दो महीने से बीमार

अमित रेखा अमरजीत शर्मा

प्रतापगढ़। घर के सामने कूड़ा करकट फेंकने से जमा हुई गंदगी से एक घर के आधा दर्जन लोग 2 महीने से डायरिया और बुखार भयानक बीमारी से ग्रसित चल रहे हैं । पट्टी कोतवाली क्षेत्र के उड़ैयाडीह मजरे पुरवा जजनी,पुर गांव निवासी संतोष कुमार मिश्रा पुत्र सुरेश चंद्र मिश्रा ने मुख्यमंत्री आइजीआरएस पोर्टल पर आला अधिकारियों से शिकायत करते हुए कहा कि गांव के कुछ दबंगों द्वारा उनके घर के सामने गोबर कूड़ा घरों से निकलने वाला अन्य गंदगी घर के सामने फेंक दी जाती



है मना करने पर मारपीट पर दबंग आमादा हो जाते हैं कई बार एसडीएम पट्टी से भी शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई वैश्विक महामारी कोविड–19 को लेकर जहां प्रदेश सरकार तथा जिला प्रशासन स्वच्छता अभियान और घर के आसपास गंदगी ना होने की बात कह रही है लेकिन वही इसके उल्टा यह कार्य दबंगों द्वारा कई सालों से किया जा रहा है संतोष मिश्रा के घर के आधा दर्जन लोग इस गंदगी से 2 महीने से बुखार और डायरिया से ग्रसित हैं डॉक्टरों द्वारा बताया गया कि गंदगी की वजह से बैक्टीरिया से लोग बीमार हो रहे हैं और यह भयानक बीमारी कोविड–19 का रूप ले सकती है पीड़ित ने स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है कि घर के सामने दबंगों द्वारा फेकी गई गंदगी हटाए जाने की मांग की है!!

# देशी ,शराब की दुकानों पर चला चेकिंग अभियान दुधरा चौराहा

**– एस आई संतोष कुमार तिवारी के नेतृत्व में चलाया गया शराब की दुकानों पर चेकिंग अभियान**

अमिटरेखा खजनी गोरखपुर। जिलाधिकारी विजयेंद्र पण्डियन




के निर्देश पर उपजिलाधिकारी खजनी पंकज दीक्षित, क्षेत्राधिकारी खजनी इंदु प्रभा सिंह के नेतृत्व में थाना सिकरीगंज एस आई संतोष कुमार तिवारी, हेड कांस्टेबल अफसर खान, भानु प्रताप मौर्य, अंजनी यादव, बलराम तिवारी मैं फोर्स ध्के साथ सिकरीगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत दर्जनों शराब की दुकानों पर चलाया चेकिंग अभियान। जिलाधिकारी के सख्त आदेश के बाद पुलिस बिभाग राजस्व विभाग व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम बनाकर अलीगढ़ कांड को देखते हुए सभी शराब की दुकानों देसी दारु की दुकान, बियर शॉप, मॉडल शॉप, कही पर भी नकली शराब बेचे जाने या मिलावट की शिकायत आने पर निश्चित तौर पर कार्यवाही की जाएगी। देसी व अंग्रेजी शराब की दुकान की जांच कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया उप जिलाधिकारी खजनी पंकज दीक्षित ने बताया कि सत्र 2021– 22 के लिए निधारित मानकों के अनुरूप अंग्रेजी व देशी शराब लाइसेंस धारक अपने–अपने दुकानों में स्टाक रखें अगर निर्धारित लक्ष्य के विपरीत स्टाक पाया जाता है तो उन लाइसेंस धारक दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आबकारी विभाग स्पेक्टर के के सिंह ने बताया अलीगढ़ कांड को देखते हुए जिलाधिकारी महोदय द्वारा रूटीन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है सभी दुकानों को लगातार 15 दिन तक चेक किया जाएगा चाहे वह वैध हो या अवैध हो। स्टाक रजिस्टर वगैरह चेक किया गया कोई खामिया नहीं मिली।

# बलुआ गांव के पीड़ित सुरेंद्र सिंह ने दबंगों द्वारा जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए वीडियो किया जारी

अमित रेखा खजनी गोरखपुर। सुरेन्द्र सिंह पुत्र स्व ० शिवमुरत सिंह ग्राम बलुआ उर्फ बलुसड निवासी तथा माजा बलुआ उर्फ बलुसड़ की आ व नं ० 181 रकबा 0012 हे ० का मालिक हूंहम प्रार्थी की उक्त भूमिधरी की भूमि आनं ० 181 पर गांव के ही रामसजन पुत्र पुर्णवासी व रामप्रसादपुत्र रामअवधा व पुर्णवासी पुत्र पक्का जो काफी सरकस मजबट व गोलबन्द किस्म के व्यक्ति है अनाधिकृत तौर पर हम प्रार्थी की उक्त भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किये हुए है दिनांक 16122017 को हम प्रार्थी ने समाधान दिवस पर प्रार्थना पत्र दिया था उस प्रार्थना पत्र पर उसी दिन राजस्व निरिक्षक व लेखपाल व पुलिस बल की मौजूदगी मे उक्त भूमि का पैमाईस करके चिन्ह लगा दिया गया था सब लोगो के सामने अबैध कब्जादारी से कहा गया था कि दो माह के अन्दर अवैध कब्जा हटा ले परन्तु आज तक उक्त लोग कब्जा नहीं हटाये अत अनुरोधा है कि हम प्रार्थी की उक्त आनं ० 181 से अबैध कब्जादारी को हटाने की कृपा करे नियत 05 – श्रनस – 2018 तिथि रू शिकायत लम्बित स्थितिः रिमाइजर कीटक की स्थितिः आवेदन का संलग्नक अरारित विचरण सन्दर्भ बाजे अधिकारी आदेश दिनांक 1 आदेश देने अधिकारीको प्रेषित आख्या आदेश महिमा दिनांक आख्या स्थिति प्रकार रिपोर्ट 05 – श्रनद – 2018 अपर मुख्य सचिव प्रमुख सचिव ध सचिव – .. अधीनस्थ राजस्व एवं आपदा विभाग को प्रेषित अत्तरित पर नुख्य 05 – श्रंद – 2018 जिलाधिकारी – गोरखपुर , नियमनुसार अधीनस्थ आवश्यक को प्रेषित सदिसचिव कार्यवाही करें।

# नारायणी नदी उस पार तीन जनपदों को जोडने वाली कच्ची सड़क को प्रधान मंत्री योजना से निर्माण की मांग

अमित रेखा – रमाशंकर सिंह

कुशीनगर। नारायणी नदी उस पार तीन जनपदों को जोडने वाली कच्ची सडक को प्रधान मंत्री योजना अन्तर्गत निर्माण कार्य कराने के लिए तीन, दर्जन से ऊपर लोगो को हस्ताक्षर युक्त आवेदन पत्र प्रधान मंत्री से लेकर तमाम सम्बधित लोगों के पास भेज कर पक्की सडक बनवाने की मांग की है । सनद रहे कि कुशीनगर जनपद के पांच ग्राम पंचायत शिवपुर, मरिचहवां, हरिहरपुर, नारायण पुर, शाहपुर जिसमें कुल उन्नीस राजस्व गांव है तथा जनपद महराजगंज के तीन ग्राम पंचायत सोहगीबरवा, शिकारपुर , भैसहां है जिसमें कुल आठ गांव राजस्व गांव है वहीं दूसरी ओर पश्चिमी चम्पारण बिहार प्रान्त के तीन गांव रजही, मिश्रौली, मुजही है इन समस्त गांवो की कुल आबादी करीब पच्चास हजार है ।विदित हो कि कुशीनगर जनपद के खड्डा तहसील एवं महाराजगंज जिले के निचलौल मे आने वाले इन ग्राम पंचायतों के लोगों को किसी कार्य के लिए अत्याधिक दूरी तय करनी पडती है कुशीनगर मुख्यालय जाने के लिए 80 किलोमीटर एवं महाराजगंज मुख्यालय जाने के लिए 75 किलोमीटर जाना पडता है ऐसी स्थिति में उक्त कच्ची सडक को प्रधान मंत्री योजना अन्तर्गत पक्का निर्माण कार्य कराने के लिए जनहित में आवश्यक है । इस सम्बंध मे समाजसेवी निजामुद्दीन पुलिस मित्र एवं समाजसेवी मंजूर आलम का कहना है कि जनहित मेंइस सडक निर्माण कराया जाना आवश्यक है।

# कलयुगी बेटे ने मां और बाप को जमकर धुना

अमित रेखा अमरजीत शर्मा

प्रतापगढ़। पट्टी कोतवाली कस्बे में एक कलयुगी बेटे ने बच्चों के विवाद को लेकर अपने ही मां–बाप की जमकर की धुनाई। पट्टी कोतवाली कस्बे के तुर्रकान मोहल्ला निवासी अब्दुल कलाम ने बताया कि बच्चों के विवाद को लेकर मेरे बड़े बेटे यासीन ने मुझे गालियां देने लगा जब मैंने विरोध किया तो मुझे और मेरी पत्नी को मारने लगा बीच–बचाव करने आया मेरा छोटा बेटा समीम व अजीम उसे भी जमकर मारे पीटे दोनों पक्ष कोतवाली में आकर अपनी शिकायत पुलिस से किया।

# राम भरोसे चल रहा है उरुवा सीएससी अंतर्गत ढेबरा पीएससी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद

अमित रेखा खजनी गोरखपुर। खजनी तहसील क्षेत्र के सिकरीगंज थाना अंतर्गत ढेबरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राम भरोसे



चल रहा है कुछ दिन पहले बारिश के कारण पूरे हॉस्पिटल में जल जमा हो चुका था आपको बताते चलें कि लेबर रूम से लेकर फार्मासिस्ट रूम तक सब जगह जलजमाव हो जाते हैं हॉस्पिटल के छत जर्जर होने के कारण पूरे हॉस्पिटल में जल जमा हो जाता है शासन से लगाए सीएमओ तक चुप बैठे क्यों आपको बता दें की एच एम मिश्रा ने बताया कई सालों से लगातार सीएमओ को लिखित जानकारी भी दी गई थी और एसडीएम खजनी को भी यहां तक क्षेत्रीय विधायक और सांसद भी इसके बारे में रूबरू हैं अभी तक कोई एक्शन नहीं ले रहा है।

# 18 वर्ष से ऊपर को लोगों को टीकाकरण के लिए लार युवा मोर्चा ने दिया ज्ञापन



अमित रेखा मेहरौना लार। लार युवा मोर्चा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लार के अधीक्षक डॉक्टर बी बी सिंह को सीएमओ के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा मांग की गई कि लार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जल्द से जल्द 18 वर्ष के ऊपर के लोगों को टीकाकरण का इंतजाम कराया जाए इस अवसर पर लार युवा मोर्चा के अध्यक्ष साहू विशाल कुमार गुप्ता ने पत्रकारों से बात करते हुए कहां की लार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उत्तर प्रदेश का टॉप अस्पताल है यहां के अधीक्षक की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है 1 जून से 18 वर्ष के ऊपर के लोगों को कोरोना का टीका लगने वाला था ना जाने किस कारणवश लार को वंचित किया गया तहसील मुख्यालय से कम महत्वपूर्ण नहीं है यह क्षेत्र लेकिन इसकी उपेक्षा नहीं होनी चाहिए।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमित प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरदहा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. – 9532989009

उप सम्पादक – के.के. राय
सह. सम्पादक– चन्द्रशेखर यादव
प्रदेश प्रभारी– राजू प्रसाद श्रीवास्तव मो०– 9792617070
विज्ञापन व्यवस्थापक– नसरूल्लाह अंसारी
प्रबंधक– निखिल कुशवाहा
ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कुशीनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।